हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
शुक्ल पक्ष द्वितीया विक्रम संवत 2080 • औरंगाबाद • सोमवार • 11 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 91 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00




## गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (GSCC) तथा मांकी मुण्डा छात्रवृत्ति योजना

# का शुभारंभ कार्यक्रम

मुख्य अतिथि

**श्री चम्पाई सोरेन**

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## के कर कमलों द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बादल पत्रलेख**
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

**दिनांक: 11 मार्च 2024**

**समय: 11:30 पूर्वाह्न**


**स्थान : टाना भगत स्टेडियम, खेलगांव, रांची**

### गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की विशेषता

1 झारखण्ड राज्य स्थित मान्यता प्राप्त संस्थान से 10वीं/12वीं कक्षा उत्तीर्ण ऐसे **विद्यार्थी जो आर्थिक कारणों से उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हैं वैसे छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना** ताकि छात्रों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र/संस्थान जैसे-Engineering, Medical, Law, Research, IITs, IIMs आदि में शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा मिले।

2 विद्यार्थियों को ऋण के रूप में **अधिकतम ₹15 लाख तक की राशि बैंकों के माध्यम से बिना किसी प्रोसेसिंग शुल्क के उपलब्ध कराई जाएगी।** विद्यार्थियों को मात्र 4% साधारण ब्याज की दर से राशि का भुगतान करना होगा, शेष ब्याज की राशि का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। ऋण वापसी की अवधि 15 वर्ष तक की निर्धारित की गई है जिसके लिए विद्यार्थियों से किसी प्रकार की जमानती सुरक्षा ( Collateral Security) नहीं ली जाएगी। ऋण प्राप्ति के लिए किसी तरह की इनकम क्राइटेरिया निर्धारित नहीं की गई है।

3 **ऋण वापसी की प्रक्रिया पाठ्यक्रम पूर्ण होने के 1 वर्ष बाद प्रारंभ करने का विकल्प तथा अध्ययन की अवधि में ही ऋण का ब्याज चुकाने पर विद्यार्थी को ब्याज के दर में 1% की छूट भी दिए जाने का प्रावधान है।**



### मांकी मुण्डा छात्रवृत्ति योजना की विशेषता

1 राज्य की छात्राओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के उद्देश्य से मांकी मुण्डा छात्रवृत्ति योजना जिसमें राज्य के राजकीय/निजी /P.P.P मोड पर संचालित डिप्लोमा स्तरीय कोर्स में नामांकित तथा झारखण्ड राज्य स्थित विद्यालय से **10वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्राओं को डिप्लोमा कोर्स हेतु ₹15,000 प्रोत्साहन राशि प्रति वर्ष प्रदान की जायेगी**

2 झारखण्ड राज्य के राजकीय / निजी /P.P.P मोड पर संचालित अभियंत्रण महाविद्यालयों में बी.टेक/ बी.ई. कोर्स में **झारखण्ड राज्य के विद्यालय से 10वीं एवं 12वीं कक्षा (अथवा समकक्ष) उत्तीर्ण छात्राओं को बी. टेक/ बी.ई. कोर्स हेतु ₹30,000 प्रोत्साहन राशि प्रति वर्ष प्रदान की जायेगी।**

3 **जिस छात्रा के परिवार का विगत वर्ष में सभी प्रकार के आय के स्रोतों को मिलाकर सकल वार्षिक आय अधिकतम ₹8 लाख तक प्रति वर्ष है या लाभुक राष्ट्रीय/राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित हैं उन्हें शैक्षणिक वर्ष 2023-24 से लाभ मिलेगा।**

PR No. 322044 / IPRD / 2023-24

**उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार**

Page 11



खेल

रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया की बादशाहत, हर फॉर्मेट में बनी नंबर-1

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



देश



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया 8275.51 करोड़ की 17 विभागों की 122 योजनाओं...

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष द्वितीया विक्रम संवत 2080

• औरंगाबाद • सोमवार • 11 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 91 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 66, 270 | ₹75,700 |

## आज का इतिहास

- 1795 : कुर्दल भारत की लड़ाईः महारत ने मोगोल को हराया।
- 1999: इंफोसिस कंपनी पहली भारतीय कंपनी है, जो नशदाक अंतरराष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज की सूची में आई।

## न्यूज बाइट्स

### सारम में कोयला लदी मालगाड़ी में आग लगने से अफरातफरी

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** बिहार के सासाराम में गया-डीडीयू रेलखंड पर डेहरी व करवंदिया के बीच रविवार को एक कोयला लदी मालगाड़ी में आग लगने की सूचना से अफरा-तफरी मच गई है। सूचना पर ट्रेन को करवंदिया स्टेशन पर रोक फायर बिग्रेड की सहायता से आग को बुझाया गया। मालगाड़ी कोयला लादकर झारखंड से पानीपत जा रही थी। यह घटना 12 से एक बजे के बीच बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक झारखंड से पानीपत जा रही कोयला लदी मालगाड़ी के एक डिब्बे से धुआं निकलते देख उसकी सूचना कंट्रोल रूम दी गई, जिसके बाद ट्रेन को करवंदिया स्टेशन पर रोका गया। उसके बाद रेल प्रशासन द्वारा फायर बिग्रेड स्टेशन सासाराम को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे फायर बिग्रेड दस्ता ने आग को बुझाने को काम किया।

### 24 सौ रुपए की ठगी, महिला ने की खुदकुशी

**भागलपुर (नि.सं.)।** भागलपुर में तीन बच्चों की मां ने आत्महत्या कर ली है। उसका शव पंखे से लटका मिला। मृतका की पहचान पासी टोला निवासी कुंदन चौधरी की पत्नी रिंकी देवी (28) के रूप में की गई है। घटना बरारी थाना क्षेत्र के पासी टोला की है। मृतका के पति कुंदन चौधरी ने बताया कि शनिवार की दोपहर साइबर ठग ने रिंकी देवी के मोबाइल पर फोन किया था। एक हजार रुपए अकाउंट में भेजने का लालच दिया और मोबाइल पर एक एप्लीकेशन भेजा। उन्होंने एप्लीकेशन डाउनलोड किया। वैसे ही बैंक खाते से 24 सौ रुपए कट गए। इसके बाद दुबारा ठग ने फोन किया और कहा 100 रुपए भेजो, तब 24 सौ रुपए रिटर्न होगा। रिंकी ने मना किया तो ठग गाली-गलौज करने लगा, जिसके बाद रिंकी डिप्रेशन में आ गई। इसके बाद उसने ऐसा कदम उठाया। कुंदन का कहना है कि घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है।

### चार दिन में ही इंग्लैंड से भारत लौट रहे नीतीश कुमार

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने विदेश दौरे से भारत लौट रहे हैं। आज वे इंग्लैंड से दिल्ली आएंगे, इसके बाद शाम में ही वे पटना आ जाएंगे। पहले बताया जा रहा था कि उनका विदेश दौरा करीब एक हफ्ते का है। मगर चार दिन बाद ही वे इंग्लैंड दौरे से वापस लौट रहे हैं। बताया जा रहा है कि नीतीश कुमार के भारत लौटने के बाद एनडीए में लोकसभा चुनाव का सीट शेयरिंग फॉर्मूला फाइनल हो सकता है। बीजेपी, जेडीयू और अन्य सहयोगी दलों में सीटों को लेकर अभी सहमति नहीं बन पाई है। सीएम नीतीश कुमार बीते 6 मार्च को पटना से दिल्ली गए थे। वहां से 7 मार्च को इंग्लैंड के लिए रवाना हुए थे।

# पीएम मोदी ने आजमगढ़, श्रावस्ती, चित्रकूट, मुरादाबाद, अलीगढ़ एयरपोर्ट का किया लोकार्पण

एजेंसी | लखनऊ



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आजमगढ़ जिले के मंदूरी हवाई अड्डा परिसर में 34,700 करोड़ रुपये की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमने शिलान्यास के साथ उद्घाटन भी किये। विकसित भारत की दिशा में देश दौड़ रहा है। देश में हर ओर विकास चरम पर है। पहले लोगों की आंखों में धूल झोंकने का काम किया गया। पहले की सरकार केवल शिलान्यास करती थी। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ विकास का गढ़ बना रहेगा। प्रधानमंत्री नेरंद्र मोदी ने आजमगढ़ में कहा कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए दौड़ रहा हूं और देश को तेज गति से दौड़ा रहा हूं। उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से मेरे समय की मर्यादा के कारण मैं एक ही स्थान से देश के अनेकों प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण कर रहा हूं। देश में एक साथ इतने हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन, आईआईएम, एआईआईएमएस की बात लोग सुनते हैं तो वे अचरज में पड़ जाते हैं। लोग कहते हैं कि ये चुनाव का मौसम है, चुनाव के मौसम में पहले क्या होता था? पहले की सरकार में बैठे लोग जनता की आंख में धूल झोंकने के लिए घोषणाएं करने का का काम करते थे। कभी-कभी इनकी हिम्मत इतनी होती थी की सदन में भी रेलवे की घोषणाएं घोषित करते दिख जाते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज आजमगढ़ का सितारा चमक रहा है। एक जमाना था जब दिल्ली से कोई कार्यक्रम हो और देश के अन्य राज्य उसके साथ जुड़ते थे और आज आजमगढ़ में कार्यक्रम हो रहा है और देश के अलग-अलग हिस्सों से हजारों लोग हमारे साथ जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि 2024 में भी किए जा रहे शिलान्यासों को भी कोई चुनाव के चश्मे से देखने की गलती न करे। ये विकास के लिए मेरी अनंत यात्रा का परिणाम है। आपको बता दें कि इन हवाई अड्डों का निर्माण उड़ान योजना में रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत किया गया है। इनके अलावा चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट लखनऊ के टर्मिनल तीन का लोकार्पण भी किया गया। इन परियोजनाओं पर लगभग 3628 करोड़ रुपये खर्च आया है। जानें इनकी खास बातें धर्म नगरी चित्रकूट का एयरपोर्ट पर्यटन की दृष्टि से बहुत महत्वर्पूण है। प्रभु श्रीराम ने अपने वनवास का लंबा समय यहां बिताया था। यहां के कई स्थान पर्यटन व धार्मिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हैं। यहां का रनवे 1475 लंबा और 23 मीटर चौड़ा है। इस एयरपोर्ट पर कुल लागत 146 करोड़ रुपये आई है। चित्रकूट को वाराणसी, अयोध्या, लखनऊ, खजुराहो से जोड़ा जाना है। पर्यटन और धार्मिक दृष्टि से श्रावस्ती एयरपोर्ट भी बहुत महत्वपूर्ण है। बौद्ध सर्किट होने के कारण यहां बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी आते हैं। ऐसे में इस एयरपोर्ट से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### मंदुरी एयरपोर्ट आजमगढ़

आजमगढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर मंदुरी हवाई अड्डा बनाया गया है। आजमगढ़-अयोध्या मुख्य मार्ग पर स्थित मंदुरी एयरपोर्ट लगभग 104 एकड़ जमीन में बना है। पहले यहां हवाई पट्टी थी। जिस पर कई बार नेताओं के विमान उतरकर उड़ान भरते थे। नए एयरपोर्ट पर 23 करोड़ से हवाई पट्टी व टर्मिनल का विकास किया गया है। इस का रनवे 1505 मीटर लंबा और 23 मीटर चौड़ा है।

# शादी के लिए लड़की देखने जा रहे एक ही परिवार के सात लोगों की हुई मौत

नि जसंवाददाता | सीतामढ़ी



घर के चिराग की शादी थी। लड़की देखने परिवार के नौ लोग उत्तर प्रदेश के लिए निकले। रास्ते में मौत ने ऐसा तांडव मचाया कि एक साथ सात परिजन चिर निद्रा में सो गए। हम बात कर रहे हैं उस मनहूस घटना के जिसमें बिहार के सीतामढ़ी के एक परिवार के साथ लोगों की उत्तर प्रदेश के जौनपुर में सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। सीतामढ़ी के स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक परिवार सीतामढ़ी के रीगा स्थित स्टेशन रोड का रहने वाला था। परिवार के लाल चंदन शर्मा का शादी तय कर दी गई। लड़की देखने के लिए 9 लोग कार में सवार होकर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के लिए निकले। इसी दौरान बीच रास्ते में बड़ा हादसा हो गया। यह दुर्घटना उस वक्त हुई जब जौनपुर से आजमगढ़ के प्रसाद तीन राहे पर कार रोड क्रॉस कर रही थी। इसी दौरान दूसरी ओर से आ रहे ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी में बैठे 6 लोगों की मौत हो गई वहीं हो गयी जबकि एक बच्चे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हालांकि स्थानीय लोगों ने सभी को अस्पताल भेजा। डॉक्टर ने छह को मृत और तीन को घायल बताया था। दो को बेहतर इलाज के लिए बनारस रेफर किया गया।

जानकारी के मुताबिक यह हादसा उत्तर प्रदेश के जौनपुर में यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार की रात करीब 2:30 बजे हुई। जौनपुर-आजमगढ़ हाईवे पर उनकी अर्टिगा कार को ट्रक ने शाहपुर थाना क्षेत्र के प्रसाद तीन राहा के पास ठोकर मार दी। स्थानीय लोगों ने सबको जौनपुर अस्पताल भेजा। उनमें से सात की मौत हो गई जबकि दो घायलों को वाराणसी रेफर कर दिया गया। इस घटना से मृतक के परिवार में कोहरा मचा है।

### मृतकों में पांच पुरुष जबकि दो महिलाएं शामिल है

गजाधर शर्मा, 50 पिता- स्व. राम प्रताप ठाकुर, अनिश कुमार, 30 पिता- गजाधर शर्मा, माना देवी, 48 पति- गजाधर शर्मा, जवाहर ठाकुर, 45 पिता- स्व. राम प्रताप ठाकुर, गौतम कुमार, 18 पिता- जवाहर शर्मा, सोनम कुमारी, 28 पति- बजरंग शर्मा, युग कुमार, 7 पिता- बजरंग शर्मा, जीतु कुमार, 25 पिता- सुदिश शर्मा, रिंकी शर्मा, 40 पति- पवन शर्मा

# बीएसईबी ने जारी किया मैट्रिक परीक्षा की आंसर-की, 14 मार्च तक दर्ज करा सकते हैं आपत्ति, मूल्यांकन 10 मार्च तक चलेगा

निज संवाददाता | पटना



बिहार बोर्ड ने रविवार को कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा 2024 में पूछे गए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की उत्तर कुंजी (आंसर की) जारी कर दी है। बिहार बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट biharboardonline.bihar.gov.in पर यह आंसर की उपलब्ध है। जिन भी अभ्यर्थियों ने मैट्रिक की परीक्षा दी थी। वह वेबसाइट पर जाकर इसे चेक कर सकते हैं।

बिहार बोर्ड द्वारा आंसर की जारी करने के साथ यह भी कहा गया है कि यदि किसी परीक्षार्थी या अभिभावकों को प्रश्नों के उत्तर को लेकर कोई आपत्ति है तो वह 14 मार्च 2024 शाम 5 बजे तक बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। आपत्ति ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। यदि परीक्षार्थी किसी अन्य माध्यम से या 14 मार्च के बाद आपत्ति दर्ज कराते हैं तो उन आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। मैट्रिक परीक्षा के कॉपियों के मूल्यांकन का कार्य 1 मार्च से शुरू हो गया है, जो 10 मार्च तक चलेगा। मैट्रिक के लिए पूरे प्रदेश में ढाई सौ मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। जहां पर 3000 से अधिक शिक्षकों को लगाया गया है। बिहार बोर्ड की ओर से यह साफ निर्देश दिया गया है कि अगर शिक्षक मूल्यांकन कार्यों में शामिल नहीं होते हैं, तो उनके ऊपर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड की ओर से सभी जिलों को अहम निर्देश दिया गया है कि जिन मूल्यांकन केदो पर मूल्यांकन कार्य के लिए शिक्षक उपस्थित नहीं होते हैं। या फिर उनकी कमी होती है, तो अन्य विषवार शिक्षकों को इसके लिए लगाया जा सकता है। इनकी नियुक्ति के लिए जिला पदाधिकारी अथवा जिला शिक्षा पदाधिकारी से परमिशन लेना होगा।

### जिस दिन मूल्यांकन होगा, उसी दिन कंप्यूटर में अपलोड होंगे अंक

बोर्ड की ओर से मूल्यांकन केंद्रों पर शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति के साथ-साथ कंप्यूटर ऑपरेटर की भी प्रति नियुक्ति कर दी गई है। ऐसा इसलिए क्योंकि जिस दिन मूल्यांकन होगा, उसी दिन अंकों की भी एंट्री की जानी है। पूरे पांच चरणों में अंकों को चेक किया जाएगा।

# सीएम चंपाई सोरेन ने गिरिडीह को ₹ 639 करोड़ की मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना की दी सौगात

निज संवाददाता



**पीरटांड़ (गिरिडीह)।** सीएम चंपाई सोरेन ने गिरिडीह को 639 करोड़ की मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना की सौगात दी। वे रविवार को गिरिडीह जिले के मधुबन पहुंचे। पारसनाथ पर्वत स्थित मांझीथान में उन्होंने पूजा-अर्चना की। पूजा करने के बाद मांझी हड़ामों को सम्मानित किया गया। सीएम पूजा करने के बाद मधुबन के मकर संक्रांति मेला मैदान पहुंचे। उन्होंने 639 करोड़ की लागत से पीरटांड़ मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड अलग होने के साथ ही बीजेपी के नेतृत्व की सरकार चली गयी। पीरटांड़ दिशोम गुरु शिबू सोरेन की संघर्ष भूमि रही है। बीजेपी की डबल इंजन की सरकार ने कभी भी ऐसी योजनाओं के बारे में नहीं सोचा। बीजेपी ने हमेशा झारखंड की जनता को गुमराह किया। बीजेपी की सरकार के विरोध में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हमलोगों ने लड़ाई लड़ी। झारखंड में गठबंधन की सरकार बनी। कोरोना के कारण काम करने का कम समय मिला। बावजूद हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड का विकास किया। पीरटांड़ के खेतों को हमेशा पानी देंगे। पीरटांड़ के किसानों को स्वावलंबी बनाएंगे। अब किसान एक फसल पर निर्भर नहीं रहेंगे। डीवीसी जैसी बड़ी कम्पनियों ने झारखंड की जमीन, पानी, कोयला आदि का उपयोग किया, लेकिन झारखंड के किसानों के बारे में किसी ने नहीं सोचा। गांव के इलाकों में आर्थिक स्थिति बहुत दयनीय है। मधुबन की धरती पर बड़ी-बड़ी इमारत बन गयी, लेकिन यहां के लोगों की आर्थिक स्थिति नहीं सुधर सकी। झारखंड को विकसित राज्य की श्रेणी में जाया जाएगा। झारखंड में विकास देखकर बीजेपी के पेट में दर्द हो रहा है।

# ईसी की नियुक्ति के लिए 15 मार्च को मीटिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग में इस समय दो चुनाव आयुक्तों के पद खाली है। इन्हें भरे जाने को लेकर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाले पैनल की 15 मार्च को शाम 6 बजे बैठक होगी। नियम के मुताबिक चुनाव आयोग में एक मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के अलावा दो चुनाव आयुक्त होते हैं। एक चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे फरवरी में रिटायर हो गए थे। दूसरे अरुण गोयल ने 9 मार्च को अचानक इस्तीफा दे दिया। लिहाजा 3 सदस्यीय चुनाव आयोग में इस वक्त सिर्फ सीईसी राजीव कुमार ही हैं। अरुण गोयल मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) बनने की कतार में थे, क्योंकि मौजूदा सीईसी राजीव कुमार फरवरी 2025 में रिटायर होने वाले हैं। गोयल ने 21 नवंबर 2022 में चुनाव आयुक्त का पद संभाला था। उनका कार्यकाल 5 दिसंबर 2027 तक था।

# लालू के करीबी सुभाष यादव गिरफ्तार, रेड में मिले 2 करोड़



निज संवाददाता | पटना

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लालू यादव के करीबी बालू कारोबारी सुभाष यादव को गिरफ्तार कर लिया है। देर रात करीब 12 बजे सुभाष यादव को ईडी की टीम साथ में लेकर गई है। गिरफ्तारी के कुछ समय बाद ही उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था। फिर रविवार सुबह राजद नेता को बेऊर जेल भेज दिया गया। ईडीने शनिवार को सुभाष यादव के 6 ठिकानों पर 14 घंटे छापेमारी की थी। उनपर अवैध बालू कारोबार से जुड़े मामले में ये कार्रवाई हुई है। जानकारी के मुताबिक, छापेमारी के दौरान दानापुर स्थित आवास से 2 करोड़ कैश मिले। इसके अलावे संपत्ति से जुड़े कुछ दस्तावेज भी मिले हैं। वे ब्रॉडसन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर हैं। लालू प्रसाद यादव के करीबी रहे हैं। जांच एजेंसी शनिवार की सुबह दानापुर में तकियापर पर स्थित घर, सगुना मोड़ स्थित मां मरछिया देवी अपार्टमेंट, दानापुर बिस्कुट फैक्ट्री मोड़ स्थित पानी प्लांट, शाहपुर थाना के क्षेत्र के ऑफिस सहित कई ठिकानों पर ईडी के अधिकारी पहुंचे थे।

### कंपनी के डॉयरेक्टर भी हैं

सुभाष यादव बालू के कारोबार से जुड़े ब्रॉडसन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर हैं। राजद सुप्रीमो लालू यादव के परिवार के करीबियों ने इनकी गिनती होती है। इससे पहले भी कई बार इनकम टैक्स, सीबीआई की टीम बालू कारोबारी सुभाष यादव के घर और अन्य ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है। आरजेडी नेता सुभाष यादव ये पूर्व विधायक ही नहीं, बल्कि पिछले बार लोकसभा चुनाव के दौरान झारखंड के चतरा से उम्मीदवार थे, लेकिन वो चुनाव हार गए थे। चतरा से राजद प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ चुके सुभाष प्रसाद यादव अकूत संपत्ति के मालिक हैं। लालू यादव से उनका कोई पारिवारिक रिश्ता नहीं है, लेकिन ये उनके करीबी बताए जाते हैं।

### बिहार मिथिला वासियों को मिली सौगात

# खाद्यान्न भंडारण की आधुनिक तकनीक से निर्मित स्टील साइलो का दरभंगा में हुआ उद्घाटन

- केन्द्रीय राज्य मंत्री, अश्विनी कुमार चौबे ने किया उद्घाटन

निज संवाददाता | दरभंगा/पटना

दरभंगा में भारतीय खाद्य निगम मंडल कार्यालय दरभंगा के अंतर्गत ग्राम- जोगियारा, जाले में रविवार को 50,000 एम.टी. क्षमता वाले नवनिर्मित गेंहू भंडारण साइलो का उद्घाटन अश्विनी कुमार चौबे, केन्द्रीय राज्य मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया। यह साइलो दरभंगा-सीतामढ़ी रेलखंड पर जोगियारा रेलवे स्टेशन से पश्चिम लगभग 1800 मीटर दूर (खेसर रेलवे गुमटी के पास) पीपीपी मॉडल पर भारतीय खाद्य निगम के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी से अदानी एग्री लोजिस्टिक्स लिमिटेड द्वारा निर्मित किया गया है। साइलो कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन अश्विनी कुमार चौबे, केन्द्रीय राज्य मंत्री द्वारा उद्घाटन पट्टीका का अनावरण कर किया तथा साइलो के विद्युत कक्ष में स्थित नियंत्रण प्रणाली का विधिवत बटन दबाकर कॉनवेयर बेल्ट का शुभारंभ किया गया। साथ ही राज्य मंत्री ने गेंहू खरीद केंद्र का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर अजीत कुमार सिन्हा, कार्यकारी निदेशक(मुख्यालय) द्वारा केंद्रीय मंत्री तथा गणमान्य अथितियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि साइलो के आने से दरभंगा व साथ के जिलों में अनाज भंडारण में काफी सहायता मिलेगी। इस शुभ अवसर पर डॉ. धर्मशीला गुप्ता, राज्यसभा सदस्य, डॉ. गोपाल जी ठाकुर, लोकसभा सदस्य दरभंगा, डॉ. अशोक कुमार यादव, लोक सभा सदस्य मधुबनी, हरि सहनी, सदस्य बिहार विधान परिषद और जीवेश कुमार, विधायक जाले सहित अन्य गणमान्य हस्तियां उपस्थित रहे। केन्द्रीय राज्य मंत्री, अश्विनी कुमार चौबे ने इस अवसर पर बताया गया कि यह भण्डारण साइलो केंद्र की ओर से मिथिला वासियों को सौगात है तथा इसके प्रारंभ होने से इस क्षेत्र में भारतीय खाद्य निगम की अनाजों की भंडारण क्षमता बढ़ेगी, रोजगार सृजन हो सकेगा, तेजी से अनाज का संचलन होगा तथा राज्य में उत्पादित अनाज के भंडारण में यह बहुत ही मददगार होगा। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं अन्य अतिथियों द्वारा साइलो परिसर में पौधारोपण भी किया गया एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के लाभार्थियों को 10 किलो बैग में खाद्यान्न का वितरण भी किया गया।

## शिक्षक भर्ती : परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र में सुधार के लिए देना होगा घोषणा पत्र

निज संवाददाता

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग के तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति भर्ती परीक्षा में शामिल होनेवाले अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र में सुधार के लिए घोषणा पत्र देना होगा। परीक्षा 15 मार्च को होगी। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। बीपीएससी ने कहा है कि कुछ अभ्यर्थियों का उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में अपलोड किये गये फोटो एवं हस्ताक्षर का इमेज अस्पष्ट, अपठनीय एवं रिक्त है। वैसे अभ्यर्थियों निर्धारित तिथि 15 मार्च को संबंधित परीक्षा केंद्र पर साक्ष्य के साथ पहुंचेंगे।

BAYC Institute
स्थापित : 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th Electrohomeopathy Medicine Science

DEGREE COURSE
MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 Bachelor of Acupressure Yoga Science | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2 Bachelor of Medicine in ALT. Science
MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL
BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus


Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties
» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

# 35 हजार छात्राओं को सीएम का बड़ा तोहफा, मिलेगी फ्री कोचिंग

निज संवाददाता | पटना



बिहार के अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय विद्यालयों की 35 हजार छात्राओं को नये सत्र में निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। इस संबंध में पिछड़ा वर्ग और अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने सभी जिलों को निर्देश जारी किया है। निर्देश के मुताबिक, आवासीय सुविधा के तहत ऑनलाइन पढ़ाई और निःशुल्क में मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की कोचिंग के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने सभी 38 जिलों में स्थित अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में ऑनलाइन पढ़ाई की व्यवस्था की है। इससे एक शैक्षणिक सत्र में 35 हजार से ज्यादा लड़कियों को ऑनलाइन पढ़ाई का लाभ मिलेगा। लड़कियों को विषय के मुताबिक हार्ड कॉपी उपलब्ध कराई जाएगी। सभी कन्या आवासीय विद्यालयों में इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। छात्राओं को जेईई एवं नीट आदि प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले नामचीन कोचिंग संस्थानों से तैयार स्टडी मैटेरियल हार्ड कापी एवं साफ्ट कापी में दिया जाएगा। इसके साथ ही सप्ताह में एक दिन विशेषज्ञों द्वारा स्पेशल क्लास लिया जाएगा, जिससे छात्राओं को होने वाली समस्या को दूर किया जा सके। इसके लिए विभाग ने पहले ही कई कोचिंग संस्थानों से करार किया है। विभाग ने ऑनलाइन क्लास के लिए कन्या आवासीय विद्यालयों में टीवी स्क्रिन, नेट, वेब के साथ ही डिजिटल ब्लैक बोर्ड की व्यवस्था की है। ऑनलाइन क्लास की मानीटरिंग मुख्यालय स्तर पर की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### कुत्ता को धक्का लगने पर मारपीट

**करायपरसुराय।** थाना क्षेत्र के बाजार इलाके में शनिवार को बाइक से कुत्ते को ठोकर लग गई। कुत्ता मालिक इसका विरोध किया तो बाइक सवार ने सहयोगियों के साथ मिलकर मारपीट कर जख्मी कर दिया। जख्मी संतोष कुमार ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस ने बाइक सवार सतरजा बाग निवासी दिलखुश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार चालक को न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया। इसी तरह डियावां चौक के पास से शुक्रवार की शाम नशे की हालत में विश्वजीत कुमार को गिरफ्तार किया गया।

### गलत तरीके से जमाबंदी में जांच के बाद केस कराने की सलाह

**बिहारशरीफ।** हरनौत के नेहुसा बिगहा निवासी सुरेंद्र प्रसाद उर्फ पप्पू कुमार ने एसडीओ को आवेदन देकर न्यायालय में विचाराधीन भूमि का गलत तरीके से की गई जमाबंदी को निरस्त करने का आवेदन दिया था। आरोपों की जांच भूमि सुधार उप समाहर्ता की अध्यक्षता में टीम गठित कर कराई गई। जांच रिपोर्ट के बाद एसडीओ ने शिकायतकर्ता को तत्कालीन दोषी अंचल कर्मियों पर उप समाहर्ता के न्यायालय में अपील दायर किए जाने की सलाह दी है।

### युवाओं को दिया जा रहा योजना का लाभ

**राजगीर।** ग्रामीण विकास सह उपभोक्ता संरक्षण सह समाज कल्याण विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने शनिवार को पानी टंकी फैक्ट्री का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधान पार्षद रीना यादव भी उपस्थित थीं। मंत्री श्री कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के हुनरमंद युवा रोजगार तलाश रहे हैं। सूबे की सरकार भी युवाओं को प्रेरित करने के लिए उद्यम योजना के तहत लाभ दे रही है। ग्रामीण युवाओं में अजब की प्रतिभा है। रोजगार शुरू करने से युवाओं में आत्मविश्वास भी बढ़ा है। अब गांव के लोगों को अपने घरेलू सामान के लिए दूर नहीं जाना होगा। इस अवसर पर सुरेन्द्र प्रसाद, सुधीर कुमार, विनोद प्रसाद, मुन्ना कुमार, संतोष कुमार, दिनेश प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### छात्रों को आत्मरक्षा के लिए दिया गया कराटे का प्रशिक्षण

**राजगीर।** बिहार शिक्षा परियोजना पटना एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी आदेशानुसार मध्य विद्यालय राजगीर बाजार में बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए कराटा प्रशिक्षण बिहार शिक्षा परियोजना किलकारी भवन द्वारा दिया जा रहा है। विद्यालय के बाल संसद की प्रधानमंत्री सुप्रिया भारती, उप शिक्षा मंत्री स्नेहा कुमारी, मीना सचिव सपना कुमारी, कोमल कुमारी, प्रियंका कुमारी एवं सभी मंत्रियों की देखरेख में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त कर बालिकाएं आत्म सुरक्षा के साथ-साथ सर्वांगीण विकास कर सकेंगी। अगर बालिकाओं को अच्छे ढंग से प्रशिक्षण दिया जाए तो सारी बच्चियां अपने-अपने क्षेत्र में आत्मरक्षा के लिए समर्पित हो जाएगी। छपरा से आयी भूमिका कुमारी द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण एक महीना 6 दिन तक दिया जायेगा। वर्ग 6 से 8 की बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए सबल बनाया जाएगा।

### नालंदा कॉलेज में होगा मतगणना का काम

**नालंदा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी, नालंदा शाशंक शुभंकर ने लोकसभा चुनाव का निर्वाचन स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता एवं अन्य विषयों से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि फर्स्ट लेवल चेकिंग के उपरांत इवीएम, वीवीपैट की सूची सभी राजनीतिक दलों को प्राप्त करा दी गई है। प्रशिक्षण हेतु चिन्हित हर अनुमंडल परिसर स्थित वेयरहाउस में रखी गई इवीएम,वीवीपैट की सूची एवं मतदान केंद्रों की सूची सभी राजनीतिक दलों को प्राप्त करा दी गई है ।




**आदर्श आचार संहिता के पालन का निर्देश:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर राजनीतिक दलों,अभ्यर्थियों,स्टार प्रचारको द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन प्रचार अभियान के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन चुनाव प्रचार प्रसार में प्रयोग किए जाने वाले विभिन्न वस्तुओं,सेवाओं का बाजार सर्वेक्षण के पश्चात निर्धारित न्यूनतम दर का अनुमोदन भी किया गया।

### राजगीर से स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

**नालंदा।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे ने बिहार के विभिन्न शहरों से नई दिल्ली के लिए 9 जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इनमें राजगीर-आनंद विहार स्पेशल ट्रेन भी शामिल है। होली की संभावित भीड़ को देखते हुए रेलवे के द्वारा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। राजगीर से चलकर आनंद विहार को जाने वाली एक स्पेशल ट्रेन भी इसमें शामिल है। गाड़ी संख्या 02365 सप्ताह में 2 दिन मंगलवार और शनिवार को चलेगी। राजगीर से 02365 नंबर की गाड़ी 16 मार्च से 30 मार्च के बीच कुल पांच ट्रिप लगाएगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 02366 आनंद विहार से खुलकर राजगीर पहुंचने वाली ट्रेन रविवार और बुधवार को चलेगी। 17 मार्च से 31 मार्च तक कुल 5 ट्रिप यह ट्रेन चलेगी। 20.00 मिनट पर राजगीर से गाड़ी संख्या 02365 खुलेगी, जो 20.25 मिनट पर बिहार शरीफ पहुँचेगी,21.30 मिनट पर बख्तियार,22.10 मिनट पर पटना जंक्शन,22.43 मिनट पर दानापुर,23.15 मिनट पर आरा, 00.15 मिनट पर बक्सर,02.10 मिनट पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन होते हुए आनंद विहार टर्मिनल पहुँचेगी। वापसी में यह ट्रेन 19.10 मिनट पर सोमवार और गुरुवार को खुलेगी।



### गया में पकड़ा गया पौने तीन करोड़ का सोना

**पटना।** बिहार में डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (DRI) की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। 100 किलोमीटर चेज कर सोना तस्करों को पकड़ा है। तस्करों की कार से करीब पौने तीन करोड़ रुपए का सोना बरामद हुआ है। कार को जब्त कर लिया गया है। इसकी पुष्टि एक आधिकारिक बयान जारी कर DRI ने की है। शुक्रवार देर रात पूरी कार्रवाई को राज्य के गया जिले में अंजाम दिया गया है। इंटरनेशनल बॉर्डर पार कर खेप बांग्लादेश से भारत लाया गया था। जिसे तस्करों की एक टीम ने कोलकाता पहुंचाया। फिर वहां से तस्करों की दूसरी टीम लग्जरी कार के अंदर बनाए गए एक गुप्त स्थान पर छिपाया और फिर उसे लेकर ग्वालियर के लिए निकल गए थे। दरअसल, सोना तस्करी के इस मामले की जानकारी DRI के मुंबई जोन की टीम को मिली। वहां से डिटेल पटना टीम से शेयर किया गया। फिर पटना से एक टीम गया पहुंची। 100 किलोमीटर तक कार का पीछा किया। शेरघाटी के सवकला टोल प्लाजा पर तस्करों की गाड़ी को पकड़ा गया। उस वक्त गाड़ी के अंदर कुल तीन तस्कर बैठे थे। टीम ने इन सभी को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद गाड़ी के अंदर सीट के नीचे बने एक गुप्त स्थान से सोना की खेप को बरामद किया गया। उसमें 3987.300 ग्राम के सोना के 22 बिस्किट और 8 कटे हुए टुकड़े मिले। जिसकी कीमत 2,74,94,656 रुपए है। DRI के अनुसार यह कार्रवाई सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत की गई है। तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बरामद सोना व कार को जब्त किया गया है। तस्करों से शुरुआती पूछताछ की गई है। जिसमें कबूल किया है कि तस्करी के लिए ही बांग्लादेश से सोना भारत में लाया गया था। अब इनके पूरे नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। इनके नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल हैं? इनका नेटवर्क कितना बड़ा है? कब से सोना तस्करी के इस गोरखधंधे को ये करते आ रहे हैं? इनसे तस्करी का सोना कौन लोग खरीद रहे थे? ऐसे कई सवाल हैं, जिनके जवाब जानने के लिए पड़ताल चल रही है।

# सवा घंटे में 23 लाख की डकैती, परिवार को बंधक बना लूटपाट

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में नकाबपोश बदमाशों ने शनिवार रात किराना व्यवसाय के घर से 23 लाख रुपए की लूटपाट की। इस दौरान घर में मौजूद दंपती ने जब इसका विरोध किया तो उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। फिर बंदूक दिखाकर पति-पत्नी और उनके बच्चों को बंधक बना लिया। डकैती कमलेश कुमार के घर स्थित दुकान में भी हुई है। बताया जा रहा है कि देर रात करीब 12.15 बजे 7 से 8 की संख्या में बदमाश दुकान का ताला काटकर घर में घुस गए। फिर बंदूक दिखाकर पेटी-बक्सा की चाबी मांगी। डर से दंपती ने चाबी दे दिया। घटना के संबंध में पीड़िता रिंकू कुमारी ने बताया कि नकाबपोश बदमाशों ने घर में सवा घंटे तक लूटपाट मचाया। इस दौरान बदमाशों ने करीब 20 लाख के जेवरात और 3 लाख नगद लूट लिए। घटना रहुई थाना क्षेत्र के मोहद्दीनपुर स्थित कमरपुर मोड़ की है।



**परिवार को बंधक बनाकर रूम में बंद किया:** पीड़ित परिवार का कहना है कि बदमाश 7 से 8 की संख्या में थे। घर में घुसते के साथ लूटपाट शुरू कर दी। दंपती ने जब इसका विरोध किया तो बंदूक दिखाकर मारपीट करने लगे। सभी को घर के एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद पेटी-बक्से का ताला खोला और गहने और नगद देकर आराम से भाग निकले। डकैतों के जाने के बाद कमरे का दरवाजा तोड़कर बाहर निकले। फिर घटना की सूचना पड़ोस में रहने वाले लोगों के साथ साथ पुलिस को दी।

## विरोध करने पर दंपती को पीटा

**आसपास के लोगों ने घर की दी थी जानकारी:** पीड़िता की माने तो नकाबपोश डकैत लोकल भाषा में बातचीत कर रहे थे। वे हर-वे हथियार, रड और कटर से लैस थे। डकैतों का कहना था कि उन्हें गांव के ही लोगों ने घर में 50 लाख के करीब जेवरात रहने की बात बताई थी। दंपती घर में ही किराना दुकान चलाते हैं। पति-पत्नी के अलावा घर में दो बच्चे मौजूद थे। घटना के बाद पूरा परिवार डरा सहमा हुआ है। रहुई थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि मेन गेट का ताला तोड़ कर परिवार को बंधक बनाया। इसके बाद लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया। एफएसएल एवं डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## दो घरों को चोरों ने बनाया निशाना

# नगदी आभूषण समिति 5 लाख की संपत्ति ले उड़े चोर

निज संवाददाता। गया

गया जिले के गुरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग गांव में चोरों ने दो घरों में घुसकर भीषण चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इस दौरान दोनों घरों से चोर नगदी और सोने-चांदी के आभूषण समेत महंगे कपड़े बर्तन और अन्य सामान ले भागने में सफल रहे। लगभग पांच लाख रुपए से अधिक की संपत्ति दोनों घरों से चोरी गई है। वहीं, इस मामले में एक युवक को पुलिस ने हिरासत में भी लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि गुरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात चोरों ने दो घरों में चोरी की वारदात की है। पहली चोरी कोइरी बिगहा गांव निवासी ईश्वर यादव के घर में हुई। वहीं, दूसरी चोरी परसावां गांव के रहने वाले राजेश यादव के घर में की गई। बताया जा रहा है कि चोरों ने उन दो घरों के कमरों में सेंधमारी कर दाखिल हो गए और दोनों घरों के उसी कमरे को निशाना बनाया जहां



जेवरात और नगदी थे। चोर-चोरी की घटना सेंधमारी कर बारी-बारी से दोनों घरों में किया है। जिसमें एक घर में 50 हजार नगद और ढाई लाख रुपए के आभूषण थे तो दूसरे घर से 25 हजार समेत दो लाख के गहने की चोरी हुई है। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने एक युवक को शक के आधार पर पकड़कर स्थानीय पुलिस को सौंप दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सरफराज इमाम ने बताया कि परसावां खुर्द समेत कोइरी बिगहा गांव में चोरी होने की सूचना पाकर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है, एक युवक को हिरासत में लेकर पुछताछ की जा रही है।उसके बाद हीं आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गया से आनंद विहार के लिए चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

निज संवाददाता। गया

होली के दौरान रेल यात्रियों की उमड़ने वाली अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिए रेलवे ने अतिरिक्त ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। अतिरिक्त ट्रेन बतौर स्पेशल ट्रेन के रूप में संचालित की जाएगी। हालांकि, एक साथ कई अतिरिक्त ट्रेन पूरे बिहार के लिए संचालित की जा रही है। उनमें से एक गया से आनंद विहार के लिए होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। ताकि रेल यात्री होली जैसे विशेष मौके पर अपना घर आसानी से रेल का सफर कर वापस आ सकें। हालांकि, इस स्पेशल ट्रेन में 3 सामान्य श्रेणी के स्लीपर कोच होंगे। गाड़ी सं. 03635 गया-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल दिनांक 20.03.24 से 29.03.24 तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को गया से 14.15 बजे प्रस्थान करेगी। इस दौरान विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 05 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 03636 आनंद विहार-गया सुपरफास्ट स्पेशल दिनांक 21.03.24 से 30.03.24 तक प्रत्येक मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार को आनंद विहार से 7 बजे गया के लिए प्रस्थान करेगी। इस दौरान विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए उसी दिन 20.45 बजे गया पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज जं, कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर रूकेगी । इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 1, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 3, शयनयान श्रेणी के 10 और साधारण श्रेणी के 3 कोच होंगे। जन सम्पर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि रेलवे यह निर्णय होली के मद्देनजर लिया है। ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में रेल यात्री अपने घर को पर्व के मौके पर वापस आ सकें।

# 'यूनिवर्सिटी के मसले पर कहीं कोई आमने-सामने नहीं'

## शिक्षा मंत्री विजय चौधरी ने कहा- कहीं कोई केस दर्ज हुआ हो तो बताइए, पिंडदान करने पहुंचे गया

निज संवाददाता। गया

शिक्षा मंत्री विजय चौधरी ने अपने दो दिनों के गया प्रवास पर हैं। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने कहा कि यूनिवर्सिटी के मसले पर कहीं कोई आमने-सामने नहीं है। दोनों अपना-अपना काम कर रहे हैं। वहीं जब उनसे यह पूछा गया कि जब आमने-सामने कोई है ही नहीं, तो कुलपतियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश शिक्षा विभाग ने क्यों दिया है। इस पर उन्होंने कहा कि कहां कोई आदेश जारी हुआ है ? ऐसा नहीं है। वहीं जब उनसे यह पूछा गया कि केस दर्ज करने की तहरीर तो थाने तक पहुंच गई है। इस पर उन्होंने कहा कि कहीं कोई केस दर्ज हुआ हो तो बताइए।



**'परीक्षा को लेकर भी कहीं कोई संकट नहीं':** दरअसल शिक्षा मंत्री विजय चौधरी फल्गु नदी में बने रबर डैम का जायजा लेने और अपने पूर्वजों का पिंडदान करने गया पहुंचे। पिंडदान के बाद वो मीडिया कर्मियों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डैम में प्रदूषण को लेकर समस्या हैं। प्रदूषण से जुड़े प्रमुख कारकों पर विचार किया गया है। उसे दूर करने के लिए क्रमिक योजना तैयार कर धरातल पर उतारे जाएंगे। वहीं समक्षता परीक्षा के सवाल पर उन्होंने कहा कि परीक्षा को लेकर भी कहीं कोई संकट नहीं है। इस मसले पर नियोजित शिक्षकों से बातचीत हो चुकी है।




# अनियंत्रित होकर पलटी बस, आधा दर्जन जख्मी, साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

## नवादा से बिहार शरीफ आ रही थी बस

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में रविवार की सुबह निर्माणाधीन बख्तियारपुर रजौली फोरलेन पर सड़क हादसे में आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। मामला पावापुरी ओपी अंतर्गत दौलाचक गांव के समीप की है। जहां बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पावापुरी ओपी अंतर्गत दौलचक गांव के समीप नवादा की ओर से आ रही द्रुतगामी डीलक्स बस तेज गति से पावापुरी की ओर आ रही थी इसी बीच अचानक सड़क पर एक साइकिल सवार आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने बस पर से अपना नियंत्रण खो दिया। बस स्पीड रहने के कारण सड़क किनारे गड्ढे में जा पलटी।बस नवादा के वारसलीगंज से यात्रियों को लेकर बिहार शरीफ आ रही थी। इस हादसे में बस सवार कुल आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं मामूली रूप से चोटिल हुए यात्री अपने गंतव्य की ओर हादसे के बाद निकल पड़े। पावापुरी ओपी प्रभारी रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि बस पलटने की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में यह घटना हुई है। फिलहाल सभी यात्री खतरे से बाहर हैं। वहीं कुछ यात्री दूसरे वाहन के माध्यम से घटना के बाद निकल चुके थे। एक महिला यात्री का पर्स और मोबाइल गुम हो गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।



# मगध के 26 सीट में टिकट नहीं मिला तो चुनाव में वोट नहीं

निज संवाददाता। गया

राष्ट्रीय जनता दल के अल्पसंख्यक समाज (मुसलमान) के नेताओं के बीच पार्टी के रवैए को लेकर खास रोष है। उसे इस बात की कसक है कि न तो उनकी सुनी जा रही है और न ही उन्हें राजनीतिक भागीदारी ही सही से मिल रही है। वह मगध क्षेत्र में खुद की राजनीतिक भागीदारी को लेकर इन दिनों मुखर हो गए हैं। पार्टी नेता गया जिला उपाध्यक्ष अनवर हुसैन युवा नेता मेराज उद्दीन और वरीय नेता इलियास का कहना है कि गया में बीते 24 फरवरी को हुए जलसे और 3 मार्च को पटना में हुए विशाल जन सभा मे भी उनकी बातों को उनके नेताओं ने नहीं सुनी। युवा नेता का कहना है कि बीते विधानसभा में मगध के 26 सीट में से एक भी पसमांदा मुसलमान को टिकट नहीं दिया गया। यदि इस बार भी ऐसा ही हुआ तो अल्पसंख्यक



समाज वोट नहीं करेगा। नेताओं का कहना कि जिसकी जितनी भागीदारी है उसे उसकी उतनी हिस्सेदारी आने वाले 2024 लोकसभा और 2025 के विधानसभा चुनाव में मिलनी ही चाहिए। खास बात यह भी की अल्पसंख्यक समाज को हिस्सेदारी नहीं दिए जाने का मलाल राजद के अलसंख्यक युवाओं में भी है। उनमें इस बात का खासा रोष है। वे हाल ही में राजद से एमएलसी के घोषित किए गए 5 उम्मीदवारों पर भी सवाल उठा रहे हैं। इन नेताओं का कहना है कि इसमें अल्पसंख्यक समाज का नेता कोई नहीं है जबकि राजद को ऐसा नहीं करना चाहिए था।

# रबर डैम का लिया जायजा, रविवार को करेंगे पूर्वजों का पिंडदान

निज संवाददाता। गया

जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी दो दिनों के प्रवास पर शनिवार की शाम गया जी पहुंचे हैं। वो रात में यहीं विश्राम करेंगे। रविवार को वे गया जी स्थित विष्णुपद में अपने पूर्वजों का पिंडदान करेंगे। इसके बाद वे दोपहर जहानाबाद के लिए रवाना होंगे। जहानाबाद के अतिथि गृह में वो लोगों से मिलेंगे। प्रदेश में एनडीए की सरकार वजूद में आने के बाद पहली बार मंत्री विजय चौधरी गया जी आए हैं। मंत्री विजय चौधरी शनिवार को सबसे पहले गया जिला अतिथि गृह पहुंचे। यहां उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद वो रबर डैम का निरीक्षण के लिए निकल गए। इस दौरान उन्होंने मन्दिर में भगवान विष्णु का दर्शन किया। इसके बाद रबर डैम का जायजा लेने के लिए देवघाट पहुंचे। हालांकि रबर डैम पहुंचने में उन्हें काफी देर हो चुकी थी। उनके पहुंचने के पहले शाम ढल चुकी थी। अंधेरा छा गया था। इस वजह से रबर डैम का बारीकी से भौतिक निरीक्षण नहीं हो सका है। बताया गया है रविवार की सुबह करीब दस बजे वे पिंडदान करेंगे। दोपहर बाद करीब एक बजे वे सड़क मार्ग से जहानाबाद होते हुए पटना को वापस जाएंगे। रबर डैम का निरीक्षण करने के दौरान उनसे मीडिया कर्मियों ने बातचीत करने की कोशिश की पर उन्होंने ने बात करने से इनकार कर दिया। कहा कि वे रविवार को पिंडदान के बाद ही कुछ बात करेंगे। इस मौके पर डीएम डॉ. त्याग राजन के अलावा जदयू के वरीय नेता भी मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर बिहार के ग्रामीण कार्य विभाग मंत्री श्रवण कुमार ने शनिवार को जिले के बोधगया ले बसाढी पंचायत में गोवर्धन योजना का उद्घाटन किया।

# फर्स्ट अटल सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामिंट का आयोजन, रविवार को खेला जाएगा पहला मैच

## रणजी, विजय हजारे, IPL खेल चुके खिलाड़ी दिखाएंगे जलवा

निज संवाददाता। गया

गया के गांधी मैदान में फर्स्ट अटल सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुक्रवार की शाम कर्टेन रेज किया गया। साथ ही टूर्नामेंट के आयोजकों ने प्रेस कांफ्रेंस कर विस्तार से खेल की जानकारी दी। बताया गया कि कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं। प्रत्येक टीम को तीन तीन मैच खेलना है। सेमीफाइनल और फाइनल में आने वाली टीमें कुल मिला कर 5 मैच खेलेंगी। पहला मैच रविवार को गांधी मैदान में होने जा रहा है। मैच के लिए बेहतर क्रिकेट पिच तैयार किए गए हैं। अविनाश सिंह और अखिलेश सिंह ने बताया कि इस टूर्नामेंट में रणजी, विजय हजारे, आईपीएल खेल चुके खिलाड़ी अपना हुनर दिखाएंगे। दूसरे स्टेट के खिलाड़ी जो रणजी खेल चुके हैं वे भी विभिन्न टीम की ओर से मैच में खेलेंगे। प्रत्येक टीम में गया के 4 से 5 खिलाड़ी होंगे। शेष खिलाड़ी रणजी खेलने वाले होंगे। दावा किया गया कि काफी रोचक टूर्नामेंट होने जा रहा है। सारी तैयारी पूर्ण कर ली गई है।



**30 हजार रुपए एंट्री फीस:** उन्होंने बताया यह टूर्नामेंट विशेषकर इसलिए आयोजित किया जा रहा है कि देश व राज्य के नामचीन अच्छे खिलाड़ियों के साथ गया के अच्छे खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिले और अपने खेल में गुणवत्ता ला सकें और क्रिकेट की दुनिया मे वे आगे बढ़ें। बताया गया कि फाइनल जीतने वाली टीम को एक लाख रुपए का कैश इनाम दिया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि इस टूर्नामेंट को लेकर गया के क्रिकेट खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के बीच खासा उत्साह है। गया में लंबे समय के अंतराल के बाद इस तरह का टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। बताया गया कि टूर्नामेंट भाग लेने वाली टीम से 30 हजार रुपए एंट्री फीस लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिना एचएसआरपी के वाहनों पर कार्रवाई डीटीओ ने वसूला 1.69 लाख का जुर्माना

**बक्सर**। जिले में अब भी कई वाहनों पर मैनुअल नंबर प्लेट लगाकर परिचालन किया जा रहा है। इसको लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार ने गोलंबर पर वाहन जांच अभियान चलाया और बिना एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट) वाले वाहनों को पकड़ उनका चालान किया गया। इसके साथ ही अन्य कारणों से भी कई वाहन कार्रवाई की जद में आए। अभियान में 200 से अधिक वाहनों की जांच हुई जहां डीटीओ ने 32 वाहनों से 1,69,000 का जुर्माना वसूला। डीटीओ ने कहा कि सेंट्रल मोटर व्हीकल एक्ट 1989 के नियम 50 के तहत वाहन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है। इस एक्ट के तहत कुल सभी तरह के वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है। नए वाहनों के अलावा पुराने वाहनों पर भी इसे लगाना जरूरी है। मौके पर एमवीआई चंद्र प्रकाश सहित अन्य बल मौजूद रहें। क्या है एचएसआरपी : हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट एक एल्यूमीनियम निर्मित नंबर प्लेट होती है, जो वाहन के फ्रंट और रियर में लगाई जाती है। एचएसआरपी के ऊपरी बाएं कोने पर एक नीले रंग का क्रोमियम-आधारित अशोक चक्र का होलोग्राम होता है। इसके निचले बाएं कोने पर एक यूनिक लेजर-ब्रांडेड 10-अंकीय स्थायी पहचान संख्या (पिन) दिया जाता है। इसके अलावा, पंजीकरण संख्या के अंकों और अक्षरों पर एक हॉट-स्टैंप फिल्म लगाई जाती है और उसके साथ नीले रंग में आईएनडी लिखा होता है। खास बात ये है किएचएसआरपी वाहनके डिजिटल पंजीकरण के बाद ही जारी किया जाता है और ये वाहन से जुड़ा होता है। इस प्रकार, प्लेटों का उपयोग एक अलग कार पर नहीं किया जा सकता है।




### धनसोई में पीएम जन आरोग्य योजना के तहत लगा कैंप, 350 गोल्डन कार्ड बने

**बक्सर**। धनसोई बाजार में शनिवार को पीडीएस विक्रेता कन्हैया प्रसाद डीलर के यहां आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड बनाने को लेकर कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोग गोल्डन कार्ड बनाने के लिए मौजूद रहे। पीडीएस विक्रेता कन्हैया प्रसाद डीलर ने बताया कि क्षेत्र के जितने भी राशन कार्ड धारी हैं उनको 2 दिन पहले से ही सूचित कर दिया गया था, ताकि समय से कैंप में पहुंचकर आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनवा ले। शाम तक 350 लोगों का गोल्डन कार्ड बन चुका था। कार्ड बना रहे ऑपरेटर दुर्गेश सिन्हा व विकास चौहान ने बताया कि प्रत्येक पीडीएस विक्रेता के यहां अलग-अलग दिनों को कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जहां जितने भी राशन कार्ड धारी हैं। उनका गोल्डन कार्ड बनाया जा रहा है। गोल्डन कार्ड बनाने के लिए लोग अपना आधार कार्ड व राशन कार्ड लेकर पहुंचे। वहीं जिनके पास प्रधानमंत्री का पत्र आया हो वह भी कैंप में पहुंचकर गोल्डन कार्ड बनवा सकते हैं। बताते चलें कि गोल्डन कार्ड से प्रत्येक परिवार को 5 लाख तक का इलाज की गारंटी मिल जाती है। बता दे की 10 मार्च को भी धनसोई स्थित पीडीएस विक्रेता कन्हैया प्रसाद डीलर उर्फ लाला डीलर के यहां गोल्डन कार्ड बनाने को लेकर कैंप का आयोजन किया जाएगा।



### गौरीशंकर विवाह महोत्सव धूमधाम से संपन्न

**ब्रह्मपुर**। महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित गौरीशंकर विवाह महोत्सव भक्ति मय वातावरण में संपन्न हो गया। जीयर स्वामी जी महाराज के मंगलानुशासन व दियरांचल पीठाधीश्वर उद्धव प्रपन्नाचार्य स्वामी जी की उपस्थिति तथा ब्रह्मपुर पीठाधीश्वर ज. गु.रा. विद्या वाचस्पति आचार्य धर्मेंद्र जी महाराज के संचालन में महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित गौरीशंकर विवाह महोत्सव उल्लास सहित भक्ति पूर्ण माहौल में वैदिक मंत्रोच्चार, पारंपरिक मांगलिक गीतों के साथ संपन्न हो गया। शिव बरात की भव्य व दिव्य झांकी गौरीशंकर महाविद्यालय जीपीएस से निकलकर ब्रह्मपुर शिव मंदिर मार्ग की परिक्रमा करते हुए जीपीएस परिसर में पहुंची जहाँ गौरीशंकर विवाह वैदिक रीति से संपन्न हुआ। मौके पर उपस्थित दियरांचल पीठाधीश्वर ने कहा यहां आयोजित वैष्णाधिराज शंकर भगवान का विवाह भारतीयों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनता जा रहा है। आचार्य धर्मेंद्र ने कहा कि गौरीशंकर विवाह महोत्सव का लक्ष्य स्वास्थ्य नागरिक, सभ्य नागरिक व भारत को समर्थ बनाना है।






### सहायक यंत्रों व उपकरणों का वितरण



**बक्सर** । केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से शनिवार को नगर भवन में कार्यक्रम का आयोजन कर दिव्यांगों के बीच सहायक यंत्रों व उपकरणों का वितरण किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में दिव्यांग जन मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल वितरण कर किया। उनके बीच ट्राई साइकिल, मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, फोल्डिंग व्हील चेयर, सीपी चेयर, बैसाखी, वाकिंग स्टिक रोलेटर, कान की मशीन व ब्रेल किट आदि का वितरण किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद चौबे ने कहा कि केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा वृद्धजनों एवं दिव्यांग जनों के बीच निशुल्क सहायक यंत्रों एवं उपकरणों का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वृद्ध एवं दिव्यांग समाज की मुख्य कड़ी होते हैं। उन्हें सशक्त बनाने के लिए कई केंद्रीय योजना चल रही है। इस कड़ी में इन्हें निशुल्क उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वे दिव्यांगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। केंद्रीय योजनाओं के अनुभव बारे में भी जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि आप सब हमारे देश व समाज के मुख्य अंग हैं। सरकार की ओर से दिव्यांगों के हित में कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही है। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व जिला प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

# जाम के विरोध में चक्का जाम, जन संघर्ष समिति का आंदोलन

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के पीरो नगर को जाम से निजात दिलाने समेत तीन सूत्री मांगों को लेकर जन संघर्ष समिति ने रविवार की सुबह से ही लोहिया चौक के समीप चक्का जाम कर दिया है। इस दौरान जन संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं समेत ग्रामीण सड़क पर बैठकर जोरदार प्रदर्शन किया। सड़क जाम के कारण आरा–सासाराम, बिहिया–बिहटा स्टेट हाईवे पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। सड़क जाम के दौरान आक्रोशित लोगों ने जिला प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। पीरो इलाके में लगातार हो रहे दुर्घटनाओं में कई लोग की मौत हो गई है। वही, जाम के कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जन संघर्ष समिति के सदस्यों ने धरना एवं मशाल जुलुश के माध्यम से प्रशासन को मांगों पर विचार करने के लिए आवेदन दिया था लेकिन समस्या का समाधान नहीं होने से नाराज लोग रविवार को सड़कों पर उतर गए हैं। उनके समर्थन में पीरो नगर की जनता समेत व्यवसायी भी सड़क पर उतरे हुए हैं और अपनी दुकानों को बंद कर इस चक्का जाम में शामिल हो गए । वही, अक्रोशित लोगों ने कहा कि बालू लदे ट्रकों की आगमन के कारण पीरो की जनता जाम से जूझ रही है और प्रशासन के द्वारा इस पर कोई ठोस पहल नहीं किया जा रहा है। जिससे अजीज आकर आज से अनिश्चितकाल के लिए चक्का जाम कर दिया गया है और प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी कर रहे हैं । जन संघर्ष समिति के सदस्यों ने बताया कि पीरो बाजार में बाइपास होने के कारण समस्या का समाधान नहीं हो रहा है इसके पहले उन लोगों ने धरना और मसाज जुलूस के माध्यम से प्रशासन को इसका समाधान करने का आग्रह किया था, लेकिन उनकी बातों को अनसुना कर दिया गया। इसे परेशान होकर आज सड़क पर उतरने पर मजबूर कर दिया गया हैं और सड़क को जाम कर प्रदर्शन कर रहे हैं इस दौरान गाड़ियों की लंबी कतार लग गई है वही दुकानों के बंद रहने से बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है।



## तीन हेरोइन तस्कर गिरफ्तार



निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हेरोइन के साथ तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। तीनों की गिरफ्तारी जगदीशपुर थाना क्षेत्र के राजा पोखरा के पास से हो सकी है। इनके पास से तेरह पुड़िया हीरोइन भी बरामद किया गया है। पकड़ा गया तस्कर जगदीशपुर नगर के राजा पोखरा वार्ड नंबर 3 निवासी सोनू कुमार चौधरी, करण चौधरी एवं संतोष यादव शामिल है। इधर, पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि तस्करों के पास से तस्करी में प्रयुक्त बाइक भी जब्त की गई है। इसे लेकर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिक की की गई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि राजा के पोखरा निवासी सोनू कुमार अपने आने दो दोस्तों के साथ हीरोइन की डिलीवरी करने वाला है। इस दौरान अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी एवं गिरफ्तारी को लेकर डीएसपी राजीव चंद्र एवं थानाध्यक्ष बिकाऊ राम के नेतृत्व में छापेमारी की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राजा पोखरा तीन मुहानी के पास से घेराबंदी कर तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। तलाशी के दौरान 13 पुड़िया हेरोइन बरामद किया गया है। पुलिस पूछताछ कर हेरोइन तस्करी के नेटवर्क में शामिल अन्य तस्करों को भी पकड़ने में के प्रयास में लगी है। टीम में प्रशिक्षु दरोगा सुधांशु कुमार एवं एएसआई रणवीर कुमार समेत और पदाधिकारी शामिल थे।

## सड़क हादसे में छात्र की मौत, बाजार जाने के लिए सड़क पार कर रहा था

निज संवाददाता। आरा

आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर जिले के गजराजगंज थाना क्षेत्र के बीबीगंज पेट्रोल पंप के समीप शनिवार की शाम अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे छात्र को रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत छात्रा गजराजगंज थाना क्षेत्र के कुढ़वा टोला निवासी अशोक महतो का 15 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार है।

**मौके पर ही गई जानः** वह दसवीं कक्षा का छात्र था एवं उनसे इसी साल उसने मैट्रिक का परीक्षा दिया था। इधर मृत छात्र के बड़े भाई उपेंद्र ने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ घर से बाजार सामान खरीदने गया था। जब वह अपने दोस्त के साथ पैदल वापस घर लौटने के क्रम में सड़क पार कर रहा था। उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद उसके साथ रहे दोस्त ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हालः** सूचना पाकर परिजन और स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने पांच भाइयों में तीसरे स्थान पर था। मृत छात्रा के परिवार में मां बुची देवी व चार भाई उपेंद्र,लंबू ,दीपक एवं खरचू है। घटना के बाद मृत छात्र के घर में हाहाकार मच गया है। इस घटना के बाद मृत छात्र की मां बुची देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।






## जैन कॉलेज के प्रिंसिपल पर लाखों के गबन का आरोप

### उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मिल चुका है बेस्ट प्रिंसिपल अवॉर्ड 2023

निज संवाददाता। आरा

आरा शहर के महाराजा कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर ओपी राय ने हर प्रसाद दास जैन कॉलेज के प्राचार्य नरेंद्र कुमार सिंह पर नियम के खिलाफ लाखों रुपए गबन करने का आरोप लगाया है। जिसके बाद हर प्रसाद दास जैन कॉलेज के प्राचार्य ने महाराजा कॉलेज के वर्तमान प्रभारी प्राचार्य पर 10 लाख 36 हजार 764 रुपए कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के खाते से निकासी करने का आरोप लगाया है। जैन कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर नरेंद्र कुमार ने बताया कि महाराजा कॉलेज में मैं करीब पांच साल तक प्राचार्य था। जो भी मैंने काम किया वो सरकारों और यूनिवर्सिटी के जो निर्देश है, जो नियम है उस नियमानुसार काम किया। उन्होंने बताया कि मुझपर यह आरोप इसलिए लगाया गया है कि मैंने कॉलेज की स्थिति को सुधारने का प्रयास किया था। मेरा कहना था शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी जिनका जो दायित्व है उनका वो पालन करें। लोग बायोमेट्रिक लगने के बाद चाहते थे हम एक ही बार आए बायोमेट्रिक लगाए और जाएं लेकिन मैंने कहा नहीं बायोमेट्रिक का मतलब है। अराइवल और डिपार्चर दोनों बने। जहां तक बात है कॉलेज का विकास होता है इसके लिए कॉलेज में डेवलपमेंट कमिटी होती है। इस कमिटी में यूनिवर्सिटी के तीन प्रतिनिधि होते है। जिसमें कॉलेज के पीजी स्तर के शिक्षक होते है दूसरे इंजीनियर होते है और तीसरे वरसर होते है। इसके अलावे इस कमिटी में शिक्षक सदस्य के रूप में होते है। डॉक्टर नरेंद्र सिंह ने बताया कि कॉलेज में कोई भी काम होता है तो उसका चयन शिक्षक करते है कि यह काम कॉलेज के लिए आवश्यक है। वहीं, उन्होंने अपने ऊपर लगे सारे आरोपों को गलत ठहराया है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले तो एक प्रभारी प्राचार्य को एक स्थाई प्राचार्य पर कमिटी बनाकर जांच कराने का बगैर कुलपति के आदेश के नहीं कर सकते है। यह संभव नहीं है लेकिन उन्होंने नियम के विरुद्ध इस काम को करवाया जो गलत है। को भी महाराजा कॉलेज के शिक्षक संघ सचिव और अध्यक्ष जो कंप्लेन किया था यूनिवर्सिटी में तो एक कमिटी बनी थी। कमिटी बनने के बाद राज्य सरकार और राज्यभवन का एक निर्देश है किसी शिक्षक या प्राचार्य के विरुद्ध आरोप लगाता है तो उसे एफिडेफिट देना होगा। उन्होंने आगे बताया कि जब यूनिवर्सिटी द्वारा पत्र जारी हुआ जिसमें पूछा गया कि आप शपथ पत्र दें तो वो लोग शपथ पत्र नहीं दिए। वर्तमान प्रभारी प्रधानाचार्य ने कंप्लेन करने वाली शिक्षकों की ही एक कमिटी बना ली और उसको मनमानी तरीके से जांच करा करके उन्होंने एक रिपोर्ट दिया। उन्होंने बताया कि आपने देखा होगा कि विधान सभा में भी दो विधायक माले के भी यह प्रश्न उठाया है एक विधायक ने दो करोड़ के गबन की बात की है और एक विधायक ने दो साल में साढ़े तीन करोड़ का घोटाला होने की बात कहीं है। उन्होंने बताया कि अब जिनको जितनी जानकारी दी गई है उन्होंने उतना बताया है लेकिन जब जांच होगा तब दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। वहीं, महाराजा कॉलेज के वर्तमान प्रभारी प्राचार्य डॉ ओपी राय ने बताया कि तमाम छात्र संगठनों और शिक्षकों के द्वारा बार-बार नरेंद्र कुमार सिंह पर जांच करने के लिए धरना प्रदर्शन आयोजित होता था। तो इस मामले पर मैंने जब उनसे बात की तो उन्होंने कहा कि एक पैसे का भी गबन का आरोप नहीं है। फिर बीसीए के लोगों ने जांच के लिए कहा कि इसमें गलत तरीके से पैसों का आवंटन हुआ है। तो मैंने छह सदस्य कमिटी बना लिया। उसके बाद शिक्षक संघ ने मांग किया कि तमाम पहलुओं पर जांच कराई जाएं। लेकिन अभी जो जांच कमेटी ने लोगों ने रिपोर्ट दिया है उसमें दो साल में तीन साल का आरोप है। जैसे रिपोर्ट मिला है वैसा मैंने कुलपति को सौंप दिया है। आपको बता दें कि जैन कॉलेज के प्राचार्य नरेंद्र कुमार सिंह को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेस्ट प्रिंसिपल अवॉर्ड 2023 मिल चुका है। यह पुरस्कार थिम्पू (भूटान) के इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट स्टडीज में आयोजित तीन दिवसीय (21 – 23 जून, 2023) "चौथा भारत-भूटान फ्रेंडशिप समिट – 2023" में, एशियाई क्षेत्र में व्यक्तिगत उपलब्धि और नेतृत्व विकास सेवाओं के लिए प्रदान किया गया था।




## सर प्लीज पास कर दीजिए,नहीं तो पापा शादी कर देंगे

### मैट्रिक की परीक्षा में छात्र–छात्राओं ने लिखा अटपटा जवाब, शिक्षक देखकर हुए हैरान

निज संवाददाता। आरा

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के द्वारा मैट्रिक की परीक्षा 15 फरवरी से शुरू हुई थी। जिसमें कुल 16,94,781 छात्र छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें 8,72,194 छात्राएं और 8,22,587 छात्र हैं। जिनकी उत्तरपुस्तिकाओं का जांच किया जा रहा है। जल्द ही बिहार बोर्ड मैट्रिक का रिजल्ट घोषित कर सकता है। वहीं बिहार बोर्ड के द्वारा सख्ती से ली गई परीक्षा के बाद अब छात्र–छात्रा गुरुजी को रिझाने का काम कर रहे है। जिन छात्रों को उम्मीद है कि वो अपनी मेहनत से पास नहीं हो सकते है । एक छात्र ने कॉपी में लिखा 'मैं गरीब हूं' वही एक छात्रा ने लिखा 'सर पास कर देना, नहीं तो पापा शादी करा देंगे'। भोजपुर जिले के 6 सेंटरों पर मैट्रिक की उत्तरपुस्तिकाओं का जांच किया जा रहा है। जिले के मॉडल स्कूल में बिहार बोर्ड की कॉपियों की जांच के दौरान शिक्षकों को ऐसी कई उत्तरपुस्तिकाएं मिली है। जिनमें छात्र अजीब अजीब नोट्स लिख रहे है। परीक्षार्थियों ने मजेदार शायरी, कविताएं और इमोशनल नोट्स भी लिखी है, ताकि टीचर्स उनके हुनर से खुश होकर उन्हें पास कर दें। जांच के दौरान एक छात्र ने कॉपी पर यह लिखा है कि "मैं एक गरीब हूं मुझे पास कर दीजिए, मेरी मां भी मजूरी करती है। मजूरी यानी मजदूरी करती है। वही, एक छात्रा ने इमोशनल बातें लिखी उत्तरपुस्तिका में लिखा है कि 'सर मेरे पापा किसान है हमें पढ़ाने का बोझ नहीं ले पाते हैं, अकेले इसलिए हमें नहीं पढ़ाना नहीं चाहते हैं। तुम 318 नंबर लाएगी तो तुम्हें मैं पढ़ने दूंगा, नहीं तो शादी कर दूंगा। प्लीज मेरी इज्जत बचा लीजिए, हम शादी करना नहीं चाहते हैं प्लीज। हम एक गरीब घर की लड़की हूं, मेरे पिता किसान है सही से 400 रुपए भी नहीं कमा पाते हैं। बस यही समस्या है और कुछ नहीं । इस प्रकार के नोट्स छात्र अपनी कॉपियों में लिख रहे है। बिहार बोर्ड द्वारा जिले में कॉपियों के जांच के लिए छह केंद्र बनाए गए हैं। कॉपी की जांच के दौरान अलग-अलग विषयों की कापियों में शिक्षकों को कविताएं, शायरियां, प्रार्थनाएं और नोट मिल रहे है। छात्रों ने शिक्षकों को आकर्षित करने के लिए गणित की कॉपी में इमोशनल नोट्स लिखा है। वहीं, आपको बता दें कि भोजपुर जिले में तीन अलग अलग जिलों से मैट्रिक की कॉपी जांच करने में लिए आई है। जिसका जांच गहनतापूर्वक शिक्षक कर रहे है। जिस प्रकार सख्ती से मैट्रिक की परीक्षा लिया गया था उसकी प्रकार से इन उत्तरपुस्तिकाओं की भी जांच की जा रही है।




## चौसा पावर प्लांट का कार्य फिर से प्रभावित

निज संवाददाता। बक्सर

चौसा में 1320 मेगा वॉट थर्मल पावर प्लांट केंद्र सरकारी की महत्वपूर्ण परियोजना एक फिर 24 घंटे से प्रभावित है। मुआवजे की मांग को लेकर शनिवार की सुबह से ही थर्मल पावर के गेट पर किसान बैठे हैं। रात भर उन्होंने गेट जाम रखा। रविवार की सुबह टेंट-तंबू गाड़ कर अभी भी डटे हैं। किसानों का कहना है अब यहां से तभी हटेंगे जब भूमि संबंधित हमारी मागों को पूरा किया जाएगा। किसानों को गेट से हटाने के लिए बक्सर एसडीएम धीरेंद्र मिश्रा और डीएसपी धीरज कुमार ने रात में काफी प्रयास किया पर वे लोग बिना मांग पूरी हुए हटने को तैयार नहीं हैं। किसान धरना स्थल पर ही सो रहे, खाना भी बना रहे। किसान अपनी मांगों को लेकर 16 माह से धरने पर बैठे हैं। इस दौरान तीन बार गेट जाम किया। पहली बार 11 जनवरी 2023 को गेट जाम किया तो पुलिस ने किसानों पर लाठियां चटका दी। किसानों ने पत्थर फेंकने शुरू कर दिए थे, जिस कारण पुलिस ने गोली भी चलाई थी। इसका फायदा असामाजिक तत्वों ने उठाया था। प्लांट में आग लगा दी थी। कंपनी ने उस वक्त 25 करोड़ रुपए का नुकसान दिखाया था। दूसरी बार 10 अक्टूबर 2023 को गेट जाम किया। उस वक्त सात दिन तक किसान धरने पर बैठे रहे। जिला प्रशासन ने किसानों की 11 सूत्री मांगों को पूरा करने के लिए डेढ़ माह का समय मांगा, पर कुछ हुआ नहीं।



## सांसद को टिकट मिलेगा तो विरोध में चुनाव लड़ेंगे कार्यकर्ता : राणा प्रताप

निज संवाददाता। बक्सर

आगामी लोकसभा चुनाव में रणनीति तय करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक शनिवार को गोयल स्मृति भवन के सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता कार्यकर्ताओं द्वारा मनोनीत जिलाध्यक्ष मनोज सिंह व संचालन जिला महामंत्री सुरेश वर्मा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन व वंदेमातरम गान से किया गया।उ इस मौके पर वक्ताओं ने वर्तमान सांसद अश्विनी कुमार चौबे द्वारा बक्सर के राजनीतिक कार्यकर्ताओं को मिट्टी में मिलाने वाली बयान के साथ तपोभूमि के संतों पर भी अपमानजनक धमकी भरे बोल बोले जाने पर सभी कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में सबक सिखाने की बात कही। साथ ही लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तृत रणनीति त यार की गई। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की और प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहा है।




# सड़क हादसे मे CRPF कुक की मौत

निज संवाददाता। बक्सर

आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर पेट्रोल पंप के समीप शनिवार को दो बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार सीआरपीएफ कुक की मौत हो गई। इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल ले जाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि दूसरे बाइक पर सवार दो दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के महुआर गांव निवासी शिवाजी सिंह का 39 वर्षीय पुत्र वीरेंद्र सिंह है एवं वह सीआरपीएफ में कुक के पद पर था। वह वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश में कार्यरत था। लेकिन कुछ माह डिक्टेशन पर गया जिला के डीआईजी ऑफिस में कार्यरत था।

**शाहपुर की ओर से आरा की ओर आ रहे थेः** जबकि ज़ख्मियों में शाहपुर थाना क्षेत्र के धमवल गांव निवासी धनजी राम का 18 वर्षीय पुत्र मनीष राम एवं भिगराशन यादव का 18 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार शामिल है। इधर मृतक जवान के चचेरे ससुर प्रफुल कुमार पंकज ने बताया कि उनके बच्चे आरा में पढ़ता है। शुक्रवार को वह बाइक से अपने बच्चों से मुलाकात करने के लिए बाइक से आरा आए थे। उनसे मिलकर कर जब वह बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। उसी दौरान दूसरे बाइक पर सवार आदित्य कुमार एवं मनीष राम शाहपुर की ओर से आरा की ओर आ रहे थे। उसी दौरान शाहपुर पेट्रोल पंप के समीप दोनों की बाइक में सीधी भिड़ंत हो गई जिससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद स्थानीय थाना द्वारा उन्हें इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सक ने देखा सीआरपीएफ जवान वीरेंद्र सिंह को देख मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे बाइक पर सवार जख्मी आदित्य कुमार एवं मनीष राम को इलाज के लिए शाहपुर से आरा सदर अस्पताल लाया गया।

**सदर अस्पताल में करवाया पोस्टमार्टमः** जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। इसके बाद स्थानीय थाना द्वारा इसकी सूचना मृतक जवान के परिजनों को दी गई।



ओएनजीसी के सहयोग से बेगूसराय में 30 करोड़ से बनेगा बिहार का पहला सीबीजी प्लांट

# गिरिराज सिंह और मीनेश शाह ने बायोगैस ऊर्जा उत्पादन संयंत्र का किया शिलान्यास

- प्रतिदिन 100 मीट्रिक टन गोबर की होगी खरीदारी

निज संवाददाता



बेगूसराय। बिहार का सबसे पहला CBG प्लांट बेगूसराय में ONGC के सहयोग से बनेगा। बरौनी डेयरी यह बायोगैस ऊर्जा (सीबीजी प्लांट) से दुग्ध उत्पाद तैयार होगा। इससे एक ओर किसानों को गोबर से भी आय होगी तो दूसरी ओर डेयरी को प्रतिवर्ष चार करोड़ रुपए से अधिक की बचत होगी। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी यह बड़ा कदम होगा। बरौनी डेयरी में 100 एमटी प्रतिदिन गोबर उपयोग आधारित बायोगैस ऊर्जा उत्पादन संयंत्र का शिलान्यास केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष मीनेश शाह ने किया। मौके पर ओएनजीसी सीएसआर के कार्यकारी निदेशक ए.पी. सिंह, एमएलसी सर्वेश कुमार, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग बिहार के प्रधान सचिव एन. विजयालक्ष्मी भी उपस्थित थे। इस संयंत्र का निर्माण महारत्न कंपनी ऑयल एंड नेचुरल गैस (ओएनजीसी) द्वारा सीएसआर के तहत 30 करोड़ रूपये के वित्तीय सहयोग एवं नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के तकनीकि सहयोग से कराया जा रहा है। संयंत्र के निर्माण से बरौनी डेयरी करीब तीन हजार पशुपालकों से प्रतिदिन 100 मीट्रिक टन गोबर खरीदेगा। बायोगैस एवं विभिन्न प्रकार के जैविक खाद प्रॉम, एमआरएल एवं रूट गार्ड का उत्पादन करेगी। गोबर की बिक्री से पशुपालकों को अतिरिक्त आय होगी। इस संयंत्र से प्रतिदिन 4 हजार घन मीटर बायोगैस का उत्पादन होगा। जिसे डेयरी द्वारा बॉयलर परिचालन में उपयोग किया जाएगा। जिससे बॉयलर में एलपीजी के खर्च में कमी होगी। इससे डेयरी के ऊर्जा खर्च में कमी आयेगी, जैविक खाद किसानों को उचित दर पर उपलब्ध कराया जायेगा। इससे करीब 6 हजार टन कार्बन उत्सर्जन में कमी, पर्यावरण संरक्षण में मददगार होगा। बरौनी डेयरी पूर्वोत्तर भारत की पहली डेयरी होगी जो अपने पशुपालकों से इतनी भारी मात्रा में नियमित रूप से गोबर क्रय कर संयंत्र परिचालन में इस्तेमाल करेगी। अन्य डेयरी के भी ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि यह परियोजना पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा ऊर्जा और फर्टिलाइजर के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। यह डेयरी से जुड़े पशुपालकों एवं किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी। पशुओं के लिए हर ब्लॉक में एक एंबुलेंस वैन होगा, जिसमें डॉक्टर रहेंगे। डेयरी में कॉल सेंटर होगा, पशुओं के हेल्थ पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। डेयरी और विभाग इस पर ध्यान दे। कहां गया है कि सीबीजी से बचत होने वाली राशि किसानों को मिलेगा। किसानों को देने से पहले फ्री सीमेन और शॉर्ट सेक्स सीमेन की व्यवस्था करें, बचत राशि का इसी में उपयोग हो। किसानों के लिए राहत भरी पहल होगी। जवाहरलाल नेहरू के कारण हमारा देशी गाय विदेश चला गया। नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो इसके विकास के लिए गोकुल में चलाया। यह वरदान साबित हो रहा है। देश में जब दूध उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है तो बेगूसराय में गेहूं और मक्के से अधिक दूध का उत्पादन हो रहा है। नरेंद्र मोदी विकसित भारत बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए प्रयास कर रहे हैं और यह दिन दूर नहीं जब हम सब मिलकर यह कर देंगे। एनडीडीबी के चेयरमैन मिनेश शाह ने कहा कि यह अग्रणी कदम सीएसआर राशि को अपशिष्ट से धन सृजन का अप्रतिम मॉडल होगा। एनडीडीबी प्रबंधन इस परियोजना का क्रियान्वयन निःशुल्क करने के साथ-साथ बरौनी डेयरी एवं पूर्वी भारत में मन्योर मेनेजमेंट के लिए पहल करते हुए इस पर तेजी से आगे बढ़ने की ओर अग्रसर है। किसान आगे आएं, हम सभी सहयोग के लिए तैयार हैं। बरौनी डेयरी के चेयरमैन विजय शंकर सिंह ने ओएनजीसी एवं एनडीडीबी का आभार व्यक्त करते हुए किसानों को इससे जुड़ने का आह्वान किया गया। एमडी सुनील रंजन मिश्रा ने बताया कि इस संयंत्र का निर्माण 18 माह में पूरा कर लिया जायेगा। इसके परिचालन से प्रतिदिन डेयरी को ऊर्जा खर्च में साढ़े चार से पांच करोड़ रूपये की बचत होगी। ढ़ाई लाख लीटर दैनिक उत्पादन क्षमता की अत्याधुनिक तकनीकि आधारित प्लांट का निर्माण हो गया है।

# बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने रोजगार मेले का किया उद्घाटन



निज संवाददाता

लखीसराय। बिहार के उपमुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक विजय कुमार सिन्हा एक दिवसीय दौरे पर लखीसराय पहुंचे। सर्वप्रथम उन्होंने बडहिया प्रखंड स्थित महारानी मंदिर में पूजा अर्चना की। जिसके बाद बड़हिया प्रखंड स्थित खुटहा पहुंचे। जहां उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी, जिसके बाद सुप्रसिद्ध अशोक धाम मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। तत्पश्चात लखीसराय जिले के आर के मैदान में आयोजित श्रम विभाग के द्वारा आयोजित रोजगार सह मार्गदर्शन मिला में शामिल हुए। के आर के हाई स्कूल मैदान श्रम विभाग के द्वार आयोजित रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस दौरान स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा भारत को विकसित देश बनाना है। जिसके लिए बिहार को विकसित बनाना होगा। बिहार में डबल इंजन की सरकार है जो बिहार को विकसित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा बिहार के अंदर मौसम भी बदला है और सरकार भी बदली है। साथ ही व्यवस्था भी बदलती है और डबल इंजन की सरकार नौजवानों को रोजगार का अवसर भी देगा। साथ ही स्वरोजगार की ओर प्रेरित भी करेगा और सब का साथ और सब का विकास का वातावरण भी बनाएगा। पत्रकारों ने जब चिराग पासवान को लेकर एनडीए में चल रही उठा पटक के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कहा कि चिराग पासवान एनडीए के एक हिस्सा है और वह एनडीए के साथ मिलकर देश में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनाएंगे। उन्होंने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राजद प्रमुख लालू यादव निशाना साधते हुए कहा कि ममता बनर्जी और श्रीमान लालू यादव अपनी नीयत और नीति को मौसम की तरह बदलते हैं। ये लोग सनातन के पर्व त्यौहार और भगवानों का क्या सम्मान करते हैं, यह देश के लोग जानते हैं।

# अपराधियों ने की स्वर्ण कारोबारी की गोली मारकर हत्या

निज संवाददाता



मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर में लूटपाट के दौरान एक स्वर्ण कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शहर के के जैतपुर ओपी के गिजास के पास बाइक सवार अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया। लूट का विरोध करने पर फायरिंग की गई। जिसके बाद जख्मी कारोबारी को इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज लाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गई है। इस घटना के बाद मृतक स्वर्ण कारोबारी के परिजन सदमे की हालत में है। कारोबारी शनिवार रात करीब 9 बजे अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे, तभी वारदात को अंजाम दिया गया। अपराधी कैश और गहने वाला बैग लूटकर भाग निकले। पूरा मामला सरैया थाना क्षेत्र के जैतपुर ओपी क्षेत्र के गिजास की बताई जा रही है। जहां, बखरा चौक से अपने आभूषण की दुकान को बंद कर कारोबारी ओमप्रकाश वर्मा (40) बाइक से अपने घर रजवाड़ा लौट रहे थे। गिजास के पास कुछ हथियारबंद अपराधियों ने उनसे लूटपाट करने की कोशिश की। इसका विरोध करने पर अपराधियों ने आभूषण कारोबारी को गोली मार दी गई। जिसके बाद सभी अपराधी उसके कैश और गहनों को लेकर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोग मौके पर गोली की आवाज सुनकर पहुंचे। जिनके द्वारा इस मामले की जानकारी बखारा चौक के दुकानदारों और घायल आभूषण कारोबारी के परिजनों को दी गई। जिसके बाद कुछ स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल कारोबारी को इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज लाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गई। आभूषण कारोबारी के परिजन दीपक कुमार ने बताया कि रोज की तरह दीपक अपनी दुकान को बंद कर रात में बखरा चौक से अपने घर राजवाड़ा लौट रहे थे। जहां, बाइक सवार दो अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया गया। वारदात के वक्त दीपक कुमार अपनी बाइक से अकेले ही लौट रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि 4-5 राउंड गोली चली थी जिसमें एक गोली कंधे में लगी। इस घटना के संबंध में मृतक के परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी एसकेएमसीएच मेडिकल कालेज के ओपी को दे दी गई है। जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिया गया है। अभी मृतक के परिजनों के द्वारा अभी कोई आवेदन नहीं दिया गया है।

## एक किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

मधेपुरा (नि.सं.)। मधेपुरा के चौसा बस स्टैंड से एक किलो गांजा के साथ पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। तस्कर की गिरफ्तारी शनिवार की देर रात को वाहन चेकिंग के क्रम में की गई। गिरफ्तार तस्कर पुरैनी थाना क्षेत्र के कुरसंडी पंचायत अंतर्गत रौता वार्ड छह निवासी पूरण दास के बेटे दीपक कुमार है। थानाध्यक्ष मुमताज अंसारी ने बताया के आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार रात को चौसा थाना के सामने बस स्टैंड में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान चौसा में रुकी पटना जाने वाली बस की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में एक युवक पुलिस को देखते ही बैग लेकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे शक के आधार पर रोक कर तलाशी ली गई तो उसके कपड़ा वाले बैग में कपड़ा से ढ़ंका गांजा की बरामद की गई।

# विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च, लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी

निज संवाददाता



किशनगंज। किशनगंज में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रशासन तैयारी में जुट गया है। वहीं किशनगंज सीमावर्ती क्षेत्रों में अर्धसैनिक बल बीएसएफ एवं किशनगंज पुलिस द्वारा विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च किया। जिले में निष्पक्ष व भयमुक्त मतदान संपन्न करवाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। एसडीपीओ गौतम कुमार ने कहा कि इस मार्च का उद्देश्य लोगों मे विश्वास पैदा करना है कि भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। प्रशासन किसी को भी मताधिकार से वंचित नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि दूर के इलाके के मतदान केंद्रों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है।

वहीं दूसरी ओर हर गांव,हर,वार्ड क्षेत्र में पुलिस ने अपना खुफिया तंत्र तेज कर समाज में किसी भी प्रकार की अशांति फैलाने वालों की तलाश के साथ साथ उन पर नजर रखी जा रही है। आज पुलिस गश्त के साथ भारी संख्या में बीएसएफ और किशनगंज पुलिस बल के जवान द्वारा किया गया फ्लैग मार्च को बहुत ही उत्साह के साथ किशनगंज जिले के कई प्रखंडों में लोग देखते नजर आए।

# मामूली विवाद को लेकर जमकर मारपीट में एक ही परिवार के पांच लोग घायल

निज संवाददाता



समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले के वारिसनगर थाने के पुरनाही गांव में मकान बनाने को लेकर हुए विवाद के बाद गांव के ही कुछ लोगों ने सूरज कुमार और उनके परिवार के पांच सदस्यों का तलवार और लाठी-डंडे से मारपीट कर जख्मी कर दिया। सभी लोगों को देर शाम सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जख्मी लोगों में सूरज कुमार के अलावा कंचन कुमार, कविंद्र महतो, चंदन कुमार और सुरेश महतो शामिल हैं। सभी का उपचार सदर अस्पताल में शुरू किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया है कि सूरज महतो गांव में मकान निर्माण करा रहे थे। शनिवार को मकान का छत ढला रहा था। इसी दौरान उनके पड़ोसी विहारी महतो के घर की ओर मकान ढालने वाला मसाला गिर गया। जिस कारण देर शाम विवाद शुरू हो गया। इसी बात को लेकर विहारी महतो के अलावा सुनील कुमार, संतोष कुमार, अमित कुमार आदि ने सूरज के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान बीच बचाव करने पहुंचे परिवार के अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि लोगों ने इस दौरान तलवार से वार किया। जिससे सभी लोग जख्मी हो गए। हल्ला होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जुटी तो बीच बचाव कर मामला शांत कराया। जख्मी सभी लोगों को उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया। उधर, घटना की जानकारी वारिसनगर पुलिस को भी दी गई है। सदर अस्पताल में नगर पुलिस ने जख्मी लोगों को बयान दर्ज किया है। नगर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार ने बताया कि पीड़ित का बयान लेकर प्राथमिकी के लिए संबंधित थाने को भेजा गया है। इस मामले में आगे की कार्रवाई वारिसनगर पुलिस करेगी।

# पचास हजार के मादक पदार्थ के साथ महिला सहित तीन तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

निज संवाददाता



जमुई। जमुई पुलिस ने नशीली पदार्थ के तस्करी मामले में महिला सहित तीन तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार तस्कर झाझा थाना क्षेत्र इलाके का बताया जाता है। जानकारी देते हुए झाझा एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि चोरी,छिनतई और बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर जमुई एसपी के निर्देश झाझा नगर क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था। तभी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर झाझा थाना क्षेत्र स्थित बस स्टैंड,छोटी चांदवारी इलाके से एक महिला सहित कुल तीन लोगों को नशीला पदार्थ और ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए महिला तस्कर की पहचान छोटी चांदवारी इलाके की रहने वाली रीना देवी,पुरानी बाजार के रहने वाले सदानंद कुमार यादव और सोनो थानाक्षेत्र के खुदमहापुर के रहने वाले जितेंद्र कुमार सिंह के रूप में हुई है। एसडीपीओ ने बताया कि महिला के घर की तलाशी लेने पर दो पॉलिथीन का थैला जिसमें 585 ग्राम गांजा जैसा पदार्थ, एक पॉलिथीन में मुल्तानी मिटटी, कैलीकाइन्ड दवा तीन पत्ता जिसमें 22 कैप्सूल,पांच चूना का पुड़िया,एक सौ दस पीस पुड़िया बनाने का कागज और दो लीटर देसी महुआ शराब बरामद हुआ। वही सदानंद कुमार के पास से एक मोबाइल,एक गांजा पीने वाला चीलम एवं दो ब्राउन शुगर जैसा कागज में लिपटा हुआ पदार्थ और जितेंद्र कुमार सिंह के पास से एक गांजा पीने वाला चीलम,दो ब्राउन शूगर पदार्थ जैसा कागज में लिपटा हुआ चार पुड़िया बरामद हुआ है। एसडीपीओ ने बताया कि जब्त किये गये सभी नशीला पदार्थ की कीमत लगभग पचास हजार रूपए के आसपास होगा। गिरफ्तार सभी लोगों के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# जांच अभियान में पुलिस ने 17 आरोपियों को किया गिरफ्तार



निज संवाददाता

बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)। जिला में बेतिया पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी के निर्देश पर फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही मद्य निषेध को लेकर भी विशेष समकालीन अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पुलिस ने जिले के विभिन्न थानों से बलात्कार का एक आरोपी समेत 17 लोगों को गिरफ्तारी किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियान के दौरान 37 लीटर देसी शराब, 7.74 लीटर विदेशी शराब और दो बाइक को जब्त किया गया है। इन सभी से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। इसके अलावा समकालीन अभियान के तहत वाहन जांच में चालकों से एक लाख 32 हजार रूपए जुर्माना वसूल किया गया है।

# पुलिस ने बालू माफिया को दो किमी तक खदेड़ा, बालू लदे ट्रैक्टर और बाइक जब्त

निज संवाददाता



जमुई। जमुई में रविवार सुबह मलयपुर पुलिस ने अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई की है। पतोना घाट पर छापेमारी के दौरान बालू लदे ट्रैक्टर सहित एक बालू माफिया की बाइक जब्त की। मलयपुर थाना अध्यक्ष विकास कुमार को सूचना मिली थी कि किऊल नदी के पतोना घाट से माफिया बालू तस्कर कर रहे। पुलिस पतोना घाट पहुंची। बालू उठाव कर रहे माफिया को खदेड़ना शुरू किया। पुलिस को देखते ही सभी भाग गए। इसी दौरान मौके से एक ट्रैक्टर, ट्रैक्टर का डाला और बाइक जब्त की। कुछ माफिया दूर से ही पुलिस को सामने से आने का चैलेंज भी कर रहे थे। पुलिस ने सभी करीब 2 किमी तक खदेड़ा। मलयपुर थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि अवैध बालू उठाव की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर सभी बालू माफिया को खेदड़ दिया गया। इस दौरान बालू लदे एक ट्रैक्टर, एक बालू लदे ट्रैक्टर का डाला और एक बाइक जब्त की गई है। पुलिस ने बताया कि बालू माफिया दौलतपुर इलाके के बताए जाते हैं। पुलिस बालू माफिया की शिनाख्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# सात साल से फरार आरोपी गिरफ्तार कोर्ट ने जारी किया था कुर्की का वारंट

निज संवाददाता

शेखपुरा। शेखपुरा के कोरमा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सदर प्रखंड के मेहूस गांव में छापेमारी कर एक कुख्यात शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कोरमा थाना क्षेत्र के मुरारपुर गांव निवासी केशो राम का पुत्र महेश्वर राम के रूप में हुई है। शेखपुरा सिविल कोर्ट ने इसकी गिरफ्तारी वर्षों से पुलिस द्वारा न किए जाने पर कुर्की जब्ती का वारंट जारी किया था। वह पिछले 7 साल से दो मामले में फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस कई बार पूर्व में छापेमारी की। लेकिन यह पुलिस को चकमा देकर फरार हो जा रहा था। छापेमारी का नेतृत्व थानाध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर आयुष कुमार और एएसआई मधुकांत मिश्र ने की। थाना अध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार शराब तस्कर के विरुद्ध आर्म्स एक्ट सहित 6 से अधिक कांड अंकित है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी के भय से यह अपने ससुराल में छुपकर रह रहा था और वहीं से शराब का कारोबार कर रहा था। जिसकी गुप्त सूचना पुलिस को मिली। सूचना के आधार पर आरोपी के ससुराल में छापेमारी कर उसे धर दबोचा है। गिरफ्तार फरारी को जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# देसी पिस्टल के साथ दो युवक गिरफ्तार

निज संवाददाता



पूर्णिया। पूर्णिया के मधुबनी थाना क्षेत्र से देसी पिस्टल व एक जिंदा कारतूस के साथ दो बाइक सवार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन्हें आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर लगाए गए वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दबोचा। पुलिस पकड़े गए युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की तैयारी में जुट गई है। पुलिस के हत्थे चढ़े युवकों की पहचान मधुबनी थाना क्षेत्र के सिपाही टोला बक्सा घाट वार्ड 7 निवासी प्रवीण कुमार पासवान के बेटे प्रशांत कुमार के रूप में हुई है जबकि दूसरा नाबालिग है। घटना की जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए एसपी उपेंद्र नाथ सागर के निर्देश पर जिले में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाई जा रही है। मधुबनी थाना की एसएचओ श्वेता कुमारी डीएवी चौक स्थित एक निजी स्कूल के समीप वाहनों की कड़ी तलाशी में जुटी हुई थी। इसी क्रम में पुलिस को देखते ही अपाची बाइक सवार दो युवक पुलिस चेकिंग को देखकर भागने लगे। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें खदेड़कर पकड़ा। संदेह के आधार पर युवक की तलाशी ली गई। तालाशी के क्रम में मयंक कुमार के कमर से एक देसी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, एक मोबाइल फोन और एक बाइक बरामद किया और फिर जब्त कर लिया है। वहीं इसके बाद दोनों को पकड़कर थाना लाया गया। पुछताछ के बाद एक को जेल जबकि नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा जा रहा है।

# अपराध की योजना बनाते तीन अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता

सीतामढ़ी। सीतामढ़ी में लूटपाट की योजना बनाते तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला जिले के सोनबरसा थाना क्षेत्र का है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान सोनबरसा के मुहसरनिया पंचायत के राजावाड़ा निवासी रौशन कुमार, जगजीवन राम उर्फ शिवा और राजकुमार के रूप में की गयी है। एसडीपीओ सदर रामकृष्ण ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा के पास पिपरा परासाइन हनुमान नगर में वाहन जांच की जा रही थी। इस दौरान तीनों अपराधी भागने की कोशिश करन लगे।

जब उनको पकड़ कर पूछताछ की गई तो उनके पास से एक देसी कट्टा, जिंदा गोली, धारदार चाकू, बल्ला आदि बरामद किया गया। यह लोग मडिया मठ पर लगने वाले मेला में लूटपाट की योजना बना रहे थे। बता दें कि टीम में सोनबरसा थानेदार मनीष कुमार, रश्मि कुमारी, भवानी कुमारी, सिपाही धनंजय कुमार, शुम्भ कुमार व मनीष कुमार शामिल थे।

# कैदी को हथकड़ी देकर खैनी खा रहा था एएसआई, निलंबित

निज संवाददाता

दरभंगा। दरभंगा SSP कार्यालय के सामने एक चाय दुकान पर ASI सरयुग प्रसाद, कैदी के साथ बैठा हुआ था। कैदी के हाथ में हथकड़ी लगी हुई थी। उसका रस्सी कैदी खुद अपने हाथ में लिए हुए था। ASI खैनी लगा रहा था। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में कैदी से एक आदमी बात करते हुए पूछ रहा है कि मौका मिलेगा तो भाग सकते हैं ? कैदी जवाब देता है कि यदि भागना होता तो कल रात को हीं भाग गए होते। ASI ने बताया कि हम तो यहीं बगल में बैठे हैं कैसे भाग सकता है। बताया जा रहा है कि शराब के नशे में कैदी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेशी के लिए लाया गया था, लेकिन ASI चाय दुकान पर कैदी के साथ बैठकर चाय पी रहे थे। SSP ने इस मामले में एक्शन लिया है। वहीं इस मामले में SSP जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने बहादुरपुर थाने के ASI सरयुग प्रसाद को निलंबित कर दिया है। वहीं पेशी के दौरान साथ गए होमगार्ड जवान अनिल कुमार को तीन माह के लिए सभी काम से वंचित कर दिया है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय


### कश्मीर घाटी में प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कश्मीर घाटी की यात्रा जितनी सुखद है, उतनी ही ऐतिहासिक भी। प्रधानमंत्री ने वहां 6,400 करोड़ रुपये से अधिक की 43 विकास परियोजनाओं का अनावरण-शिलान्यास करने के साथ ही सार्वजनिक सभा को भी संबोधित किया। 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद यह भारतीय प्रधानमंत्री की पहली घाटी यात्रा थी और इसकी खूब चर्चा होनी ही चाहिए। घाटी के लोग जब प्रधानमंत्री को अपने बीच देख रहे थे, तो उन्हें जो खुशी हुई, उसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। श्रीनगर आतंकियों के शिकंजे से निकलकर अब जिस तरह से विकास की सांसें लेने लगा है, उससे निश्चित रूप से प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों की जरूरत वहां बढ़ गई है। आरोप लगाने वाले अक्सर कहते थे कि प्रधानमंत्री श्रीनगर नहीं जा रहे हैं, क्योंकि वहां की स्थितियां अनुकूल नहीं हैं। अब इस यात्रा से ऐसे आलोचकों के आरोपों पर अंकुश लग सकेगा। प्रधानमंत्री ने गुरुवार को श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में सार्वजनिक रैली को जिस तरह से संबोधित किया है, उसकी गूंज घाटी के उन चंद रोशनी से महरूम इलाकों तक भी अवश्य पहुंची होगी, जहां अभी भी आतंकी यदा-कदा जा छिपते हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि प्रधानमंत्री का यह दौरा जितना विकास कार्यों को समर्पित था, उतना ही चुनाव को भी संबोधित था। इस दौरे से निस्संदेह भाजपा और कश्मीर में उसके समर्थकों को राजनीतिक बल मिलेगा। कश्मीर में पता नहीं, भाजपा कितनी सीटें जीत पाएगी, लेकिन प्रधानमंत्री के कश्मीर दौरे से बाकी देश में भाजपा की मजबूती का ही संदेश पहुंचेगा। नरेंद्र मोदी ने कश्मीर घाटी की जनसभा से भी विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस सहित विपक्ष पर निशाना साधा और दावा किया कि कुछ परिवार न केवल जम्मू-कश्मीर के लोगों को, बल्कि पूरे देश को गुमराह कर रहे हैं। गौर करने की बात है कि विपक्ष के अनेक नेता यह कहते नहीं थकते थे कि जम्मू-कश्मीर से अगर अनुच्छेद 370 को हटाया गया, तो वहां कोहराम मच जाएगा। मगर अब यह इतिहास में दर्ज है कि केंद्र सरकार ने 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त कर दिया। इतना ही नहीं, जम्मू-कश्मीर से राज्य का दर्जा भी छिन गया। लद्दाख एक अलग केंद्रशासित प्रदेश हो गया। बेशक, आतंकवाद के निशाने पर रहे इस इलाके के शासन-प्रशासन में आमूल-चूल बदलाव जरूरी हो गया था, ताकि किसी भी तरह के अनुचित विरोध या हिंसा की स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। कश्मीर में आतंकवाद भले पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ हो, लेकिन सरकार की रणनीतियां इस पूरे क्षेत्र को विकास की ओर ले जाने के लिए प्रयासरत हैं।

### गरीबी के पैमाने को लेकर सरकार का तर्क विवादों के घेरे में

चालू वित्तवर्ष की तीसरी यानी दिसंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 8.4 फीसद दर्ज हुई है। यह निस्संदेह उत्साहजनक आंकड़ा है। यह भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से कहीं अधिक है। इस तरह चालू वित्तवर्ष का सकल घरेलू उत्पाद सारे अनुमानों से अधिक रहने वाला है। रिजर्व बैंक ने अपना पुराना अनुमान बदल कर इसे 7.6 फीसद कर दिया है।हालांकि रिजर्व बैंक ने माना था कि तीसरी तिमाही में आर्थिक विकास दर आठ फीसद के आसपास रहेगी, मगर चौथी तिमाही में इसके छह फीसद के नीचे रहने का अनुमान है। तिमाही में विकास दर ऊंची रहने के पीछे विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन, कर संग्रह में बढ़ोतरी और सबसिडी खर्च में कमी को मुख्य कारण माना जा रहा है। पांच लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के सरकार के इरादे को निश्चित रूप से इससे बल मिलेगा।मगर इस आर्थिक विकास दर की परत-दर-परत पड़ताल करें, तो कई असंगत स्थितियां भी नजर आती हैं। आर्थिक विकास दर के ऊंची रहने के बावजूद आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों- कोयला, इस्पात, बिजली, कच्चा तेल, रिफाइनरी, प्रकृतिक गैस, उर्वरक और सीमेंट- में विकास दर सुस्त दर्ज हुई है। इसके समांतर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करीब तेरह फीसद घटा है।माना जाता है कि तेज अर्थव्यवस्था वाले देशों की तरफ विदेशी प्रत्यक्ष निवेश अपने आप आकर्षित होता है। इस वक्त जब दुनिया मंदी के दौर से गुजर रही है, तब भारतीय अर्थव्यवस्था का रुख ऊपर की तरफ बना हुआ है। दवा उत्पादन, सेवा, दूर संचार जैसे कुछ क्षेत्रों में विकास की संभावनाएं अधिक आंकी जाती रही हैं।मगर सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद इन क्षेत्रों में भी अगर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित नहीं हो पा रहा है, तो इसे अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता।

# कैसे देखते-देखते बदलने लगा कश्मीर



**आर.के. सिन्हा**
पूर्व सांसद, राज्य सभा

अगर किसी ने फैसला ही कर लिया है कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करना नहीं छोड़ेगा तो बात अलग है, पर हाल ही में उनका ( मोदी जी) श्रीनगर यात्रा के समय जिस तरह का उमंग और उत्साह के साथ स्वागत हुआ उससे सारा देश आश्वस्त महसूस कर रहा है। एक यकीन होने लगा है कि अब कश्मीर देश की मुख्यधारा से जुड़ गया है। प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब अविश्वसनीय था। सभा स्थल बख्शी स्टेडियम में मोदी जी का भाषण सुनने के लिए हजारों लोगों की वक्त से बहुत पहले से ही लाइनें लग गई थीं। इनमें कश्मीरी औरतें भी भारी संख्या में थीं। याद नहीं आता कि जब किसी प्रधानमंत्री का घाटी में इतना गर्मजोशी से स्वागत किया गया हो।इसके पहले लगभग चालीस वर्ष पहले पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी का लगभग ऐसा ही स्वागत हुआ था श्रीनगर में। प्रधानमंत्री की सभा की समाप्ति के बाद लोगों के चेहरों पर प्रसन्नता और आशा की मिली-जुली रेखाओं को पढ़ा जा सकता था। एक खबरिया टीवी चैनल को स्थानीय निवासी गुलाम भट्ट कह रहे थे, "मुझे यकीन है कि पीएम मोदी हमारी सेवाओं को नियमित कराएंगे। वह अकेले ही इसे पूरा कर सकते हैं। जम्मू-कश्मीर में अब तक सभी सरकारों ने हमसे केवल खोखले वादे किए हैं।" रैली में इतनी बड़ी संख्या में आए लोगों की सुरक्षा के प्रबंधन में स्थानीय पुलिस सबसे आगे थी। जनता ने पुलिस द्वारा बताए गए हर सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया। जम्मू-कश्मीर पुलिस के उप-निरीक्षक सुलेमान खान ने कहा, "यह पीएम मोदी की वजह से हुआ है। अब हमारी वर्दी का सम्मान है। हमने कश्मीर में वह दौर भी देखा है, जब पुलिसकर्मी पत्थरबाजों और राष्ट्र-विरोधी तत्वों के डर से अपना पहचान पत्र नहीं रखते थे। कश्मीर में यह परिवर्तन किसने संभव किया? यह मोदीजी और उनका दृढ़ संकल्प है कि कश्मीर में कानून का शासन वापस आया।" मुझे मेरे कश्मीर में रहने वाले कई मित्रों ने बताया कि रैली के बाद लोग कश्मीर में अपने परिवार और दोस्तों के साथ रैली के बारे में जिस तरह से बातें कर रहे हैं, उससे यह स्पष्ट है कि लोग खुद स्वेच्छा से वहां पहुंचे थे। हजारों लोग गर्व से बता रहे हैं कि उन्होंने बख्शी स्टेडियम में मोदी जी का भाषण सुना।प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस अनुपम अवसर का भरपूर फायदा उठाया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को देश का मुकुट बताते हुए प्रदेश का डेवलपमेंट प्लान सबके सामने रख दिया। उन्होंने कहा कि एक विकसित जम्मू-कश्मीर विकसित भारत की प्राथमिकता है। जम्मू-कश्मीर आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है क्योंकि वह खुलकर सांस ले रहा है। ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। इस नए जम्मू कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है, इस नए जम्मू कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है। अगर बात प्रधानमंत्री मोदी की रैली से हटकर करें तो कश्मीर की जनता देख रही है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में कितने बदत्तर हालात हैं। वहां पर दिन में कम से कम दसेक घंटे तक बिजली नहीं आती। वहां रोजगार नाम की कोई चीज नहीं है। सोशल मीडिया के दौर में अब कुछ भी छिपा नहीं है। कश्मीर घाटी की जनता यह भी देख रही है कि पीओके में पाकिस्तान सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ उग्र प्रदर्शन हो रहे हैं। पिछले छह महीनों से महंगाई, अप्रत्याशित बिजली बिल और अन्य करों के विरोध में प्रदर्शन जारी है। इतना ही नहीं, वहां पर प्रशासन के खिलाफ सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू हो गया है। बिजली के भारी बिलों और करों को लेकर लोगों का आंदोलन शुरू किया था। इस बीच, अब बहुत साफ है कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 का कोई मसला ही नहीं रहा। एक तरह से आप कह सकते हैं कि राज्य का अवाम अब धारा 370 से आगे निकल चुका है। जैसी कि उम्मीद थी कि इस धारा को हटाए जाने के बाद राज्य का सर्वांगीण विकास और रफ्तार पकड़ लेगा, अब वही हो रहा है। केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में सबको विश्वास में लेकर ही आगे बढ़ना चाहती है। इसका प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के के 14 शिखर नेताओं से मिल भी चुके हैं। हालांकि अफसोस होता है कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को हटाने के सवाल पर कांग्रेस का रवैया बेहद खराब रहा है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह कहते रहे हैं कि केन्द्र में उनकी पार्टी की सरकार आएगी तो वे संविधान के अनुच्छेद 370 को पुनः बहाल कर देंगे। देखिए, आपको कश्मीर घाटी के बदले हुए मिजाज को देखने –समझने के लिए राजधानी के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट में गोवा जाने वाली फ्लाइट के मुसाफिरों को देख लेना चाहिए। यकीन मानिए कि हरेक फ्लाइट में कई कश्मीरी परिवार भी यात्रा कर रहे होते हैं। चूंकि श्रीनगर से गोवा की कोई डायरेक्ट नहीं है तो ये दिल्ली से गोवा मौज-मस्ती के लिए जा रहे होते हैं। यानी जिस कश्मीर में शेष भारत से लोग पहुंचते हैं, वहां के लोग गोवा छुट्टियां मनाने के लिए जाते हैं। यह कश्मीरी गोवा जाने से पहले कुछ दिन दिल्ली में अपने रिश्तेदारों के साथ रहते हैं। यह उसके बाद गोवा जाते हैं। गोवा से वापसी के बाद भी दिल्ली में रूकते हैं। मुझे कुछ कश्मीरियों ने बताया कि उन्हें गोवा का खुला माहौल पसंद आने लगा है। जब कश्मीर जाड़ों में ठिठुर रहा होता है, तो सैकड़ों कश्मीरी गोवा का रुख कर लेते हैं। कश्मीरियों के दिल में बसने लगा है गोवा के बीच ( समुद्र का किनारा), वहां की डिशेज और समावेशी समाज। आपको साऊथ और नॉर्थ गोवा के होटलों में हर सीजन में बहुत सारे कश्मीरी परिवार मिलेंगे। जम्मू-कश्मीर बदलता जा रहा है। वहां पर अब पृथकतावादी ताकतों के लिए जगह नहीं है। संविधान के दायरे में रहकर आप सरकार से जो चाहें मांग करें। यह आपका हक है। पर वहां या कहीं भी देश विरोधी ताकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब देश का सिर्फ एक लक्ष्य है विकास करना। इस रास्ते में अवरोध खड़ा करने वालों को देश स्वीकार नहीं करेगा।

## जिनपिंग की सनक के चलते विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा खो सकता है

(नीरज कुमार दुबे)

राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सनक ने दुनिया की दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था वाले देश चीन का बुरा हाल कर दिया है। एक समय अपनी आर्थिक तरक्की की रफ्तार के लिए पूरी दुनिया में मशहूर चीन इस समय बमुश्किल गुजारा कर पा रहा है और जिस धीमी गति से उसकी अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही है वह कछुआ चाल यदि जारी रही तो जल्द ही चीन दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था का तमगा खो सकता है। चीन में इस समय कितनी निराशा है इसका अंदाजा इस बात से लग जाता है कि वहां के हुक्मरान अब तरक्की के बहुत बड़े लक्ष्य तय करने की बजाय इस बात पर जोर दे रहे हैं कि गुजारा चलाने लायक स्थितियां बनी रहें। हम आपको बता दें कि आर्थिक मंदी और कमजोर पड़ती कारोबारी धारणा से जूझ रहे चीन ने इस साल पांच प्रतिशत की मामूली आर्थिक वृद्धि का लक्ष्य तय किया है। पिछले साल चीन ने 5.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी। इसके साथ ही चीन ने बढ़ती बेरोजगारी पर चिंताओं के बीच 1.2 करोड़ नौकरियां पैदा करने का वादा भी किया है। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने देश की रबर-स्टैम्प संसद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) के उद्घाटन सत्र में पेश अपनी रिपोर्ट में उम्मीद जताई कि इस साल शहरी क्षेत्रों में 1.2 करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा होंगी। बताया जा रहा है कि चीन में इस साल शहरी बेरोजगारी दर लगभग 5.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हम आपको बता दें कि करीब सप्ताह भर चलने वाले एनपीसी के वार्षिक सत्र में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अलावा देश भर से 2,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की वृद्धि को मजबूत करने के लिए जरूरी पहलों पर विचार-विमर्श किया गया। बताया जा रहा है कि चीन ने 2024 के लिए एक सक्रिय राजकोषीय नीति और एक विवेकपूर्ण मौद्रिक नीति जारी रखने की बात कही है जिसमें सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मुकाबले घाटे को तीन प्रतिशत पर रखा जाएगा। चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग ने अपनी 39 पेज की कार्य रिपोर्ट में कहा है कि इस बार सरकारी घाटा 2023 के बजट आंकड़े से 180 अरब युआन (26 अरब अमेरिकी डॉलर) बढ़ जाएगा। देखा जाये तो चीन इस समय सबसे गहरी आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है इसलिए राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सभी मंत्रालयों को निर्देश दिया है कि वह ऐसी नीतियां बनाएं जिससे अर्थव्यवस्था को संकट से उबारा जा सके। लेकिन यहां सवाल यह है कि चीन आखिर उबरेगा कैसे? वैश्विक बाजारों में उसके माल की गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं और उन्हें लौटाया जा रहा है या पुराने ऑर्डर रद्द किये जा रहे हैं। चीनी कंपनियों को नये ऑर्डर नहीं मिलने से उत्पादन ठप है और बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है। चीन में विदेशी निवेशक आने से कतरा रहे हैं या अपना कारोबार समेट रहे हैं क्योंकि तानाशाह जैसे शासन में काम करना मुश्किल होता जा रहा है। यही नहीं चीनी युवा भी अपने भविष्य को लेकर इतने आशंकित पहले कभी नहीं दिखे जितने अब दिख रहे हैं। दरअसल चीन में मजदूरी और उत्पादन लागत बढ़ने से वैश्विक बाजारों में चीन प्रतिस्पर्धा नहीं कर पा रहा है। इसके अलावा, चीन का रियल एस्टेट उद्योग जिस तरह भरभरा कर गिर रहा है और स्थानीय सरकारों को सामान्य खर्च चलाने के लिए भी ऋण लेना पड़ रहा है उससे शी जिनपिंग की नीतियों और उनकी उन महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर भी सवाल उठ रहे हैं जिन पर अरबों डॉलर खर्च हो रहा है मगर हासिल कुछ नहीं हो रहा है।

## आज का राशिफल

आज का राशिफल

### मेष
आज के दिन हर मामले में सावधानी रखकर कार्य करने की जरूरत है। कार्यक्षेत्र में अधिकारी से या व्यवसाय क्षेत्र में व्यापारी से अनबन हो सकती है। अपने कार्यकौशल से आप शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे और आपको आर्थिक लाभ होगा। घर गृहस्थी के उपयोग की कोई प्रिय वस्तु खरीद सकते हैं और उसमें आपको लाभ होगा।

### वृष
आज लाभ होगा। आज के दिन आपकी सभी महत्वाकांक्षाएं पूर्ण होंगी और आपके सुख में वृद्धि होगी। आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायक रहेगा। यात्रा सामान्य लाभप्रद रहेगी। दोपहर बाद उच्चाधिकारी से वाद विवाद होने से कानूनी विवाद बढ़ सकता है और आपके सामने परेशानियां आ सकती हैं। शाम के वक्त किसी योजना के पूर्ण होने से आपको लाभ होगा।

### मिथुन
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके सुख में वृद्धि होगी। ऑफिस में आप अपने धैर्य और मृदु व्यवहार से वातावरण को हल्का करने में कामयाब होंगे। अपने प्रिय व्यक्ति की मदद करने में कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कुछ लोग आपकी खलिाफत कर सकते हैं।

### तुला
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके सुख में वृद्धि होगी। आज आपको ऑफिस में भी काम अधिक करना पड़ेगा, लेकिन आपकी लगन को देखकर अधिकारी आपसे प्रसन्न होंगे। आज आपको अच्छे कर्म करने का लाभ मिलेगा और हर कार्य में मनचाहा फल प्राप्त होगा। रात में मांगलिक कार्यक्रम में आपको भाग लेना पड़ सकता है।

### वृश्चिक
आज आर्थिक लाभ होगा और आज का दिन आपके लिए सफलता से भरा होगा। समाज में आपकी स्वच्छ छवि बनेगी और आपको आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होंगे। किसी प्रकार के विरोध के चलते भी संकल्पित कार्य सिद्ध होंगे। आपको नई योजनाओं से लाभ होगा और आप पैसों के मामले में बचत कर पाएंगे।

### धनु
आज लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होगी। आज का दिन आपके लिए भाग्योदयकारक है। जीवनसाथी एवं व्यापार में साझीदारों से आपको लाभ होगा और आपको सहयोग मिलेगा। अच्छे कार्य में आपकी रुचि बनी रहेगी और आपको लाभ होगा। नौकरीपेशा लोगों की उन्नति होगी और उन्हें सफलता प्राप्त होगी। मन को शांति मिलेगी। अत्यधिक श्रम से थकान हो सकती है, सावधान रहें।

### कर्क
आज आर्थिक लाभ होगा। आज किसी नई डील से अचानक धन का लाभ होगा। परिवार में अचानक से किसी की तबियत खराब होने से आपको दौड़भाग करनी पड़ सकती है। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करते समय या गाड़ी चलाते समय टेंशन को हावी न होने दें। दोस्ती में किसी स्पेशल स्कीम का हिस्सा न बनें, जोखिम के कामों से दूर रहें।

### सिंह
आज का दिन सफलता से भरा होगा। किसी महान सफलता का हर्ष होगा। बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा। दिन के उत्तरार्द्ध में पिछले चार दिनों से चले आ रहे किसी विवाद का अंत होगा। आपकी कोई बात आपस में सलाह करने से सुलझ जाएगी। कहासुनी को बातचीत से सुलझा लें। रात का समय आनंद में बीतेगा।

### कन्या
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। दिन अच्छा है, जिन यंगस्टर्स ने अभी अपने करियर का आरंभ किया है उनको लाभ होगा और सफलता प्राप्त होगी। आज अपने ऑफिस में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### मकर
आर्थिक लाभ होगा और आपके सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आपकी भौतिक सुविधाएं बढ़ेंगी और कोई मेहमान आपके घर आ सकता है। आपको जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा और आपके व्यवसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शाम से लेकर रात कहीं आउटिंग का अच्छा प्लान बन सकता है।

### कुंभ
आज लाभ होगा और आपका दिन परोपकार में बीतेगा। कोई अधिकारी आपकी मदद और सहायता करने आगे आ सकते हैं। आपको आत्मसंतुष्टि प्राप्त होगी। किसी सांसारिक सुख से इसकी तुलना आप नहीं कर सकते। ऑफिस में आपके अधिकारों में वृद्धि होने के कारण साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है। शाम का वक्त धार्मिक कार्य में बीतेगा।

### मीन
आज ग्रहों के शुभ योग बन रहे हैं और आपके सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी और भाग्य साथ देगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और भाग्य का साथ मिलेगा। आपके उत्तरदायित्व बढ़ने से कुछ असहज स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बेहतर होगा कि आप अपने काम पर ध्यान दें।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5306

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | | | | 7 | | | 1 |
| 1 | 8 | | 5 | 3 | | 4 | | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| | 5 | | | | 8 | | | 2 |
| | 6 | | | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 3 | | | | | |
| | | | | | | 8 | 2 | |
| | | 3 | | 5 | 9 | | 4 | 7 |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5305

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 9 | 5 | 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 6 |
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |

### वर्ग पहेली 5306



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. इंदौर में जन्मी (18 अप्रैल 1916 )ये मशहूर खल अभिनेत्री जिनकी पहली वाक फिल्‍ थी हिम्मत-ए-मर्द जो 1935 में बनी थी (6)
5. काव्यमर्मज्ञ, रसपान करने वाला, काव्य रस से आनंदित होने वाला (3)
9. कच्चे आम या इमली से बना हुआ खट्ठा-मीठा पदार्थ (2)
11. देह, जिस्म, शरीर, तन (2)
12. मूर्तिगृह, बुतखाना (5)
14. आज्ञापत्र, अस्थायी राजकीय आज्ञा (4)
16. ग्रीन देश को यह भी कहते है (2)
17. बराबर, तुल्य (2)
18. भास्कर, दिनपति, एक दिवंगत फिल्म संगीतकार (2)
21. ऋग्वेद के अनुसार एक प्रकार का पेय जा देव दानव दोनों को प्रिय था (2)
22. उन्नति करने वाला, प्रगति करने वाला (5)

**ऊपर से नीचे**

1. बिना सोचे-समझे पुराने ढर्रो या ढ़ंग पर चलने वाला (7)
2. भवसागर के पार उतरने वाला, सद्गति प्राप्त करने वाला (3)
3. झरोखा, खिड़की (4)
4. सुमात्रा द्वीपों में होने वाली एक प्रकार की घास, ताश के खेल का एक प्रकार (2)
6. सहसा तेजी से आगे बढ़ना (3)
8. गीड़ को यह भी कहते है (3)
9. नासमझ, भोला (3)
12. बलमा, प्रेमी, साजन (3)
13. मोर, हमारा राष्ट्रीय पक्षी (2)
15. तीस दिन का समय, महीना, माह (2)
19. ब्रह्मण, पुरोहित (2)
20. यह बनारस या वाराणसी का प्राचीन नाम है (3)
22. साधू, महात्मा के रहने का स्थान (2)

### वर्ग पहेली 5305 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | रि | क्ष | | | प्या | र |
| ग | ला | | मा | | अं | दा | ज |
| र | क | बा | | ला | गू | | नी |
| क्ष | | जा | न | व | र | | श |
| क | स | र | त | | | खु | |
| | ह | | न | म | क | दा | नी |
| ना | म | क | | क | | दा | म |
| का | ति | ब | | र | स | द | |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में कांग्रेस को लग सकता है झटका, कटारिया समेत 8 बड़े नेता छोड़ेंगे हाथ का साथ

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव से पहले आज कांग्रेस को बड़ा झटका लग सकता है। पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद और पूर्व विधायक समेत कांग्रेस के 8 बड़े नेता भाजपा का दामन थाम सकते हैं। प्रदेश की सियासत में कांग्रेस के बड़े नेताओं के पिछले लंबे समय से पाला बदलने को लेकर चर्चा चल रही है। इन नामों की शनिवार को भी भाजपा-कांग्रेस पार्टी मुख्यालयों में चर्चा रही।पूर्व मंत्री - लालचंद कटारिया, राजेन्द्र यादव, पूर्व विधायक - रिछपाल मिर्धा, विजयपाल मिर्धा, आलोक बेनीवाल, पूर्व विधायक - खिलाड़ीलाल बैरवा, वरिष्ठ नेता- रामपाल शर्मा कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हो सकते है। भाजपा छोड़कर पांच साल पहले कांग्रेस का दामन थाम चुके मानवेन्द्र सिंह की अब घर वापसी हो सकती है। उनके पिता जसवंत सिंह लंबे समय केन्द्र में भाजपा सरकार में मंत्री रहे। मानवेन्द्र भी भाजपा से विधायक रह चुके हैं। अब उनकी पुनः घर वापसी की चर्चा जोरों पर है। बता दें पिछली कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे महेन्द्रजीत सिंह मालवीया कुछ दिन पहले ही कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में जा चुके हैं। उन्होंने कांग्रेस के विधायक पद से भी इस्तीफा दे दिया है। उन्हें भाजपा की पहली ही सूची में बांसवाड़ा से लोकसभा उम्मीदवार बनाया है।

### छत्तीसगढ़ के 43 भाजपा नेताओं को दी गई सुरक्षा

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले बस्तर के 43 भाजपा नेताओं को सुरक्षा दी है। दरअसल, हाल ही में बस्तर के बीजापुर के भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सुरक्षा की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि नक्सलियों द्वारा भाजपा नेताओं को टारगेट किया जा रहा है। शनिवार को छत्तीसगढ़ सरकार के पुलिस विभाग की ओर से सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, कांकेर, और नारायणपुर जिले के 43 नेताओं को सुरक्षा देने का आदेश जारी किया गया है। जिन नेताओं को सुरक्षा दी गई है उसमें सुकमा से भाजपा के जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे को ङ्ग+ व सुकमा के अन्य भाजपा नेताओं को वाय प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी है। वहीं बीजापुर भाजपा के जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मूदलियार समेत अन्य भाजपा नेताओं को एक्स श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। साथ ही दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर व कांकेर के जिले के कई भाजपा नेताओं को भी एक्स श्रेणी की सुरक्षा गई हैं। गौरतलब है कि बीते दो सप्ताह में नक्सलियों ने बीजापुर जिले में लगातार दो भाजपा नेताओं की हत्या कर दी थी। जिसके बाद बीजापुर में भाजपा नेता नक्सलियों के खौफ में थे। वहीं चुनाव से पूर्व छत्तीसगढ़ सरकार ने बस्तर के अलग-अलग जिलों के नेताओं को सुरक्षा दे दी है।

### भेड़-चरवाहे से तुलना, उत्तराखंड गए बागियों पर खूब बरसे मुख्यमंत्री सुक्खू

**मंडी, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के छह बागी विधायक तीन निर्दलीयों के साथ उत्तराखंड पहुंचे हैं। उन्हें एक होटल में ठहराया गया है। इस बीच हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बागी विधायकों पर तीखा हमला बोलते हुए इसे भाजपा की साजिश करार दिया है। सीएम सुक्खू ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया में कहा कि विधायकों को इस तरह एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा है, जैसे चरवाहा भेड़ों को हांकता है। इस बीच एक केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि सुक्खू की सरकर गिर जाएगी। मंडी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा छह अयोग्य कांग्रेस विधायकों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेज रही है। इन विधायकों ने पार्टी को धोखा दिया है। केंद्रीय मंत्री के सरकार गिरने के दावे पर पलटवार करते हुए सीएम सुक्खू ने कहा कि उनकी सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। बताया जाता है कि ये सभी विधायक शुक्रवार को देर रात एक चार्टर्ड फ्लाइट से पंचकुला से ऋषिकेश पहुंचे थे। ये होटल ताज में ठहरे हैं। बागी विधायकों के साथ हिमाचल प्रदेश भाजपा के दो विधायक विक्रम ठाकुर और त्रिलोक जमवाल भी मौजूद हैं। वहीं होटल ताज के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। होटल में पहले से बुकिंग कराने वालों को ही एंट्री दी जा रही है।

# कोरबा लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस-बीजेपी की दो महिला दिग्गज आमने-सामने

**कोरबा, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ की कोरबा लोकसभा सीट में कांग्रेस और भाजपा दोनों ने ही अपने-अपने प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है। साल 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पांडे को प्रत्याशी बनाया तो वही उसके बाद कांग्रेस पार्टी ने मौजूदा सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत को कोरबा सीट से उम्मीदवार बनाया है। कोरबा लोकसभा ऐसी सीट है जहां कभी किसी एक पार्टी का कब्जा नहीं रहा है। इस सीट पर अब तक होते आ रहे चुनाव में लगातार किसी एक पार्टी को जीत नहीं मिली है। आपको बताते हैं कोरबा लोकसभा सीट के बारे में। छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से कोरबा एक महत्वपूर्ण सीटों में से एक है। यहां से वर्तमान में सांसद छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष




की पत्नी ज्योत्सना चरणदास महंत हैं। साल 2008 में परिसीमन के बाद कोरबा लोकसभा सीट अस्तित्व में आई थी। उसके पहले यह लोकसभा सीट जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट के अंतर्गत आती थी।

**कब कौन जीता चुनाव:** कोरबा लोकसभा सीट पर पहली बार साल 2009 में चुनाव हुए थे। इस सीट से पहली बार हुए चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने चरणदास महंत को लोकसभा चुनाव के मैदान में उतारा था। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने करुणा शुक्ला को यहां से मैदान में उतारा था। इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी के चरण दास महंत चुनाव जीत कर सांसद बने थे। वही साल 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में कोरबा सीट से भारतीय जनता पार्टी के डॉ बंसीलाल महतो चुनाव जीत कर लोकसभा पहुंचे थे। भाजपा के बंसीलाल महतो ने कांग्रेस पार्टी के चरण दास महंत को लोकसभा के चुनाव में हराकर सांसद बने थे। इस लोकसभा चुनाव में चरण दास महंत महज 4000 वोट के अंतर चुनाव हार गए थे। इसके बाद साल 2019 के लोकसभा के चुनाव में कोरबा लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी ज्योत्सना चरण दास महंत को मैदान में उतारा था। इस चुनाव में कांग्रेस की ज्योत्सना महंत ने भाजपा प्रत्याशी को चुनाव में हराते हुए सांसद बनी थी। वर्तमान में कोरबा लोकसभा सीट से ज्योत्सना महंत सांसद हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव परिणाम पर अगर नजर डालें तो, छत्तीसगढ़ की कोरबा लोकसभा सीट में साल 2019 में हुए चुनाव की अगर बात करें तो इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने कोरबा सीट से सांसद रहे चरण दास महंत की पत्नी ज्योत्सना चरण दास महंत को लोकसभा चुनाव का टिकट दिया था। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने ज्योतिनंद दुबे को चुनाव के मैदान में उतारा था। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में कोरबा सीट से कांग्रेस पार्टी की ज्योत्सना चरण दास महंत ने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को चुनाव में हराते हुए सांसद बनी थी। कांग्रेस पार्टी की ज्योत्सना महंत को 5.23 लाख वोट मिले थे। वहीं भाजपा के ज्योतिनंद दुबे 4.97 लाख वोट मिले थे। कांग्रेस की उम्मीदवार ने भाजपा के दुबे को 26249 वोट से चुनाव हारते हुए लोकसभा पहुंची थी।

### बंगाल में रामनवमी के दिन सार्वजनिक अवकाश रहने की घोषणा

**कोलकाता, एजेंसी।**
पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार ने 17 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। तृणमूल सरकार ने 2011 में राज्य की सत्ता में आने के बाद पहली बार रामनवमी पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है।

राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, आवश्यक सेवाओं को छोड़कर राज्य सरकार के सभी कार्यालय, उनके सहयोगी संगठन और उपक्रम 17 अप्रैल को बंद रहेंगे।पिछले कुछ वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल में रामनवमी जुलूसों को लेकर हिंसा की घटनाएं हुई हैं।पिछले साल रामनवमी जुलूस को लेकर कम से कम तीन जगहों से हिंसा की खबरें आई थीं, जिसकी जांच कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है।पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया है कि रामनवमी पर छुट्टी घोषित नहीं करने के कारण उन्होंने मुख्यमंत्री की आलोचना की थी, इसीलिए यह निर्णय लिया गया है।भाजपा के आईटी सेल प्रमुख और पश्चिम बंगाल के लिए पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित मालवीय ने दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता जो हर बार जय श्रीराम के नारे सुनकर गुस्से से नीली हो जाती थीं, उन्होंने आखिरकार राज्य में रामनवमी को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। मालवीय ने एक्स पर पोस्ट किए एक संदेश में कहा, ममता ने अपनी हिंदू विरोधी छवि को सुधारने के लिए ऐसा किया है। हालांकि बहुत देर हो चुकी है... इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रामनवमी के जुलूस पर पथराव न हो।

**भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों को किया टूल किट का वितरण**

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया 8275.51 करोड़ की 17 विभागों की 122 योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण

- ऊर्जा विभाग की प्रदेश में प्रिपेड मीटर योजना का किया शिलान्यास
- सचिव ऊर्जा एवं एमडी. पिटकुल ने मुख्यमंत्री को सौंपा 05 करोड़ का लाभांश का चेक
- पिछले दो माह में प्रदेश में किया गया लगभग 18 हजार करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास




सुनील तिवारी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में 17 विभागों की 8275.51 करोड़ की 122 विभिन्न योजनाओं का डिजिटल माध्यम से लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसमें 11 विभागों की 1048.15 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण एवं 15 विभागों की 7227.36 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग की 2027 करोड़ की प्रिपेड मीटर योजना का भी शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों को टूल किट का भी वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को सचिव ऊर्जा एवं एमडी पिटकुल पी.सी. ध्यानी द्वारा 05 करोड़ का लाभांश का चेक भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न उद्यमियों को सौर ऊर्जा परियोजनाओं के आवंटन पत्र के साथ ही मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के व्यक्तिगत लाभार्थियों के आवंटन पत्र भी प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ बनाना है। जिसका असर भी देखने को मिल रहा है। आज का यह कार्यक्रम हमारी विकास नीति का एक उत्तम उदाहरण है, जिसमें 8000 करोड़ रूपए से भी अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े ये सभी विकास कार्य उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश का चहूंमुखी विकास सुनिश्चित करने के लिए "विकल्प रहित संकल्प" के मूल मंत्र के साथ काम कर रही है। अभी कल ही मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के लगभग 226 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया है।

पिछले दो महीनों में टनकपुर में 2215 करोड, हरिद्वार में 5868 करोड़, चंपावत में 161 करोड़, अल्मोड़ा में 117 करोड़, पौड़ी गढ़वाल में 828 करोड़ और रुद्रप्रयाग में 456 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया गया। इस प्रकार पिछले दो महीने में ही 18,000 करोड़ रूपए से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। कार्य यह दर्शाते हैं कि हम उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए कितनी तेजी के साथ विकास नीति पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई, आवास और ग्राम्य विकास से जुड़े करोड़ों के विकास कार्यों से प्रदेश का वर्तमान बेहतर होगा। जबकि बड़े-बड़े शिक्षण संस्थान, पॉलिटेक्निक कॉलेज, स्पोर्ट्स स्डेडियम, ऊर्जा, डेयरी और पर्यटन से जुड़े करोड़ों के विकास कार्य आने वाले भविष्य में उत्तराखंड को सक्षम, मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने में मददगार होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सरलीकरण, समाधान और संतुष्टि के मंत्र से नई कार्य संस्कृति का वातावरण बना है। जिससे लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार हुआ है। हमारा काम बोले इसका भी हमारा प्रयास रहता है। मातृशक्ति एवं नौजवानों को रोजगार, स्वरोजगार के लिये नियोजन से जोडा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि है, प्रधानमंत्री ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक बताया है। उत्तराखण्ड में रेल, हवाई एवं सड़क यातायात को प्रभावी बनाया गया है। टनकपुर से भी अब देहरादून के लिये ट्रेन संचालित हो गयी है। अयोध्या सहित अन्य स्थानों के लिये भी ट्रेन की सुविधा मिल रही है। पिछले वर्ष चारधाम यात्रा में 56 लाख श्रद्धालु आये जबकि पूर्णांगिरी मेले में भी 50 लाख लोग आये। प्रदेश में पर्षभर धार्मिक पर्यटन का संचालन हो इसके प्रयास हो रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदेश की जी.एस. डी.पी. को 05 वर्षों में दुगना करने का है। प्रत्येक जिलों में 2025 तक बेस्ट प्रेक्टिस व नवाचार के रूप में क्या पहल हो सकती है इसकी भी कार्य योजना बन रही है। राज्य में जी.एस.टी. संग्रहण 23 प्रतिशत पहुंच गया है। जबकि प्रतिवर्ष लिये जाने वाले ऋण की धनराशि में कमी आयी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज भारत विकास की एक अभूतपूर्व गाथा लिख रहा है। 2014 के पहले के भारत में और अब के भारत में जमीन आसमान का अंतर साफ-साफ दिखता है। मोदी जी ने हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं शुरु कीं। किसान से लेकर जवान तक और शहर से लेकर गांव तक हर वर्ग और क्षेत्र के लिए मोदी सरकार लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री जी का उत्तराखंड से विशेष प्रेम किसी से छुपा नहीं है, देवभूमि उत्तराखंड उनके हृदय में बसता है और उत्तराखंड के चहुंमुखी विकास में केंद्र सरकार हर तरह से मदद कर रही है। आज जिन कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है उनमें कई कार्य केंद्र सरकार द्वारा की गई सहायता से पूरे किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में एक तरफ जहां हम विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चला रहा हैं वहीं दूसरी तरफ प्रदेश के हित में कई अभूतपूर्व और कड़े फैसले भी लिए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार देश में सबसे पहले समान नागरिक संहिता लेकर आयी। इस संहित के लागू हो जाने से विशेषकर हमारी मुस्लिम बहन बेटियों को कई तरह से उत्पीड़न से मुक्ति मिलेगी। उन्हें बहुत सारी मुस्लिम बहनें इस संहिता को लागू करने के लिए धन्यवाद देती हैं। अभी पिछले दिनों उधमसिंह नगर में नजूल भूमि पर पट्टा वितरित करने के कार्यक्रम में वहां भी मुस्लिम बहनों के एक ग्रुप ने यूसीसी लागू करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। हमनें प्रदेश में देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून लागू किया, इसमें पेपरलीक जैसी घटनाओं पर लगाम लग चुकी है और सभी परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित की जा रही हैं।

ऐसे ही हमनें लैंड जिहाद के खिलाफ मुहिम चलाई और 5000 एकड़ से अधिक की सरकारी जमीन से अवैध कब्जों को खाली करवाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विकास के कार्य जितने जरूरी हैं उतना ही जरूरी प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर को मेनटेन रखना होता है। हमनें पुलिस प्रशासन को इस बात के लिए खुली छूट दी है कि अगर कोई भी व्यक्ति देवभूमि उत्तराखंड में अशांति फैलाने की कोशिश करे तो उसपर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। पिछले दिनों बनभूलपुरा में कुछ असमाजिक तत्वों ने दंगे की स्थिति पैदा करने की कोशिश की, पुलिस ने एक-एक को चिन्हित करके जेल के सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है, उसके मुख्य दंगाई की संपत्ति कुर्क कर दी गई है। और इतना ही नहीं, हमनें कानून बना दिया है कि अब अगर किसी ने दंगा या तोड़फोड़ करने की कोशिश की तो उसके नुकसान की पूरी भरपाई दंगाइयों से ही की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमनें उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने का जो संकल्प लिया है, उस पर हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। आज जिन कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है उससे निश्चित ही उत्तराखंड के विकास को एक नई पहचान मिलेगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल, धन सिंह रावत, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने भी अपने विचार रखे। सचिव नियोजन श्री आर.मीनाक्षी सुन्दरम द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, विधायक विनोद चमोली, सरिता आर्या, दुर्गेश्वर लाल, शक्ति लाल शाह, मोहन सिंह बिष्ट, संजय डोभाल, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशू, शैलेश बगाली, सचिव कुर्वे, डॉ. आर. राजेश कुमार, अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान सहित अन्य उच्चाधिकारी एवं बड़ी संख्या में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी आदि उपस्थित थे।

### सीएम धामी ने श्री कैंची धाम के सौंदर्यीकरण के लिए स्वीकृत की 28 करोड़ रुपए धनराशि

विशेष संवाददाता



**देहरादून।** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने श्री कैंची धाम तीर्थ में प्रकाश व्यवस्था और सौंदर्यीकरण के लिए 28 करोड़ रुपए धनराशि स्वीकृत की है। उन्होंने कहा कि कैंची धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या साल दर साल बढ़ रही है, इसे देखते हुए यहां पर तमाम व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मुख्यंमत्री ने कहा कि हमारी सरकार केदारखंड और मानसखंड के अंतर्गत आने वाले समस्त मंदिरों के साथ ही प्रदेश के समस्त तीर्थ स्थलों के विकास के लिए संकल्पित है।

# अमानतुल्लाह खान को बेल मिलेगी या जेल, दिल्ली वक्फ बोर्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में हाईकोर्ट सुनाएगा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली हाईकोर्ट 11 मार्च को कथित दिल्ली वक्फ बोर्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी (आप) अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका पर फैसला सुनाएगा। खान की अग्रिम जमानत पहले ट्रायल कोर्ट द्वारा खारिज कर दी गई थी।

जस्टिस स्वर्णकांत शर्मा की बेंच ने 4 मार्च को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और वकील रजत भारद्वाज अमानतुल्लाह खान की ओर से पेश हुए, जबकि वकील जोहेब हुसैन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश हुए थे। याचिकाकर्ता के वकीलों ने कहा, उनके मुव्वकिल अमानतुल्लाह खान किसी भी आपराधिक गलत काम या किसी



भी तरह से पीएमएलए के प्रावधानों के उल्लंघन के दोषी नहीं हैं। इसलिए बिना किसी योग्यता के झूठे, दुर्भावनापूर्ण और प्रेरित मामले के आधार पर प्रतिवादी के हाथों अनुचित अतिक्रमण से उनके जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा की जानी चाहिए।

वकीलों का आरोप है कि जांच ईडी द्वारा अमानतुल्लाह खान पर बेबुनियाद और तुच्छ आरोप लगाकर उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। ईडी ने आरोपी को झूठी और मनगढ़ंत कहानी में फंसाया है और आवेदक के खिलाफ कोई मामला नहीं बनाया गया है। यह मानने के लिए उचित आधार हैं कि आवेदक निर्दोष है और कथित अपराध में उनकी कोई भी संलिप्तता नहीं है। इसमें कोई रिश्वत की राशि शामिल नहीं है, इसलिए अपराध की आय का कोई सृजन नहीं होता है, जिससे आवेदक की अपराध की किसी भी आय के प्लेसमेंट, लेयरिंग और/या एकीकरण की किसी भी गतिविधि में शामिल होने की कोई गुंजाइश नहीं बचती है। अमानतुल्लाह के वकीलों ने तर्क दिया कि पीएमएलए के प्रावधानों के उल्लंघन का कोई सवाल ही नहीं है। दूसरी ओर, ईडी के वकील की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता को कई समन जारी किए गए हैं और वह उससे बचते रहे हैं। राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1 मार्च को आप विधायक अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ईडी के अनुसार, यह मामला आप विधायक अमानतुल्लाह खान के कथित इशारे पर ओखला क्षेत्र में 36 करोड़ रुपये की संपत्ति की खरीद से संबंधित है। इस मामले में कोर्ट ने तीन आरोपियों जीशान हैदर, दाउद नासिर और जावेद इमाम सिद्दीकी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। ईडी द्वारा हाल ही में कौसर इमाम सिद्दीकी सहित चार आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया था। आरोप है कि 100 करोड़ रुपये की वक्फ संपत्तियों को अवैध तरीके से लीज पर दे दिया गया।

# खत्म हुआ इंतजार, 15 मार्च आम लोगों के लिए खुलेगी नदी के नीचे बनी देश की पहली मेट्रो

**कोलकाता, एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी कोलकाता में तैयार नदी के नीचे चलने वाली देश की पहली मेट्रो को हरी झंडी दिखा चुके हैं। हालांकि, अभी यह मेट्रो सेवा आम लोगों के लिए नहीं शुरू हुई है। मगर लोगों के इंतजार की घड़ियां अब खत्म होने वाली है। ऐसा बताया जा रहा है कि अगले शुक्रवार यानी 15 मार्च से हुगली नदी के नीचे चलने वाली कोलकाता ईस्ट-वेस्ट मेट्रो की शुरुआत आम लोगों के लिए होगी, यात्री उस दिन से इस मेट्रो में सवार हो सकते हैं। अगले शुक्रवार से न्यू गरिया से रूबी और जोका-तारातला से माझेरहाट तक विस्तारित खंड पर भी मेट्रो सेवा शुरू हो जाएगी। कोलकाता मेट्रो की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, दिन की पहली मेट्रो सुबह 7 बजे हावड़ा और एस्प्लेनेड स्टेशनों से रवाना होगी।

आनंदबाजार पत्रिका के मुताबिक, मेट्रो रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) कौशिक मित्रा ने कहा, पहली मेट्रो सुबह 7 बजे हावड़ा मैदान और एस्प्लेनेड स्टेशनों से रवाना होगी और आखिरी मेट्रो रात 9:45 बजे रवाना होगी। मेट्रो सुबह 9 बजे से रात 11 बजे तक और शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक हर 12 मिनट में उपलब्ध होगी।

समापन कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी होंगे शामिल

# रोहतास आएंगे राज्यपाल, डीएम-एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास में गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय जमुहार द्वारा आयोजित होने वाले द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन सोमवार को बिहार के महामहिम राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर करेंगे। कार्यक्रम को लेकर प्रभारी डीएम चन्दशेखर सिंह एवं एसपी विनीत कुमार ने जीएनएसयू परिसर का दौरा किया। डीपीआरओ ने बताया कि कल गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय जमुहार, डिहरी में एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में महामहिम राज्यपाल बिहार महोदय का आगमन हो रहा है। जिसके लिए सुरक्षा व्यवस्था का आकलन करने एवं विधि व्यवस्था संधारण के संबंध में आवश्यक तैयारी करने के लिए प्रभारी जिला पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी डेहरी, पुलिस मुख्यालय, विशेष कार्य पदाधिकारी, सिविल सर्जन, भवन के कार्यपालक अभियंता सहित कई पदाधिकारियों की टीम के द्वारा भ्रमण किया गया। जीएनएसयू के जन संपर्क अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इस अवसर पर बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिंहा और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर डी पी सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। इसी प्रकार समापन कार्यक्रम में 12 मार्च को राज्य सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय संगठन सचिव बालमुकुंद पांडे होंगे।

## द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजन

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिले के जमुहार में स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में 10 से 12 मार्च तक द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन होगा। 'बहुआयामी अनुसंधान में महिलाओं की भूमिका' विषय पर आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 15 देशों के 50 वक्ता शिरकत करने वाले हैं, जबकि देश के लगभग प्रत्येक राज्यों से कुल 70 अतिथि वक्ता पधार रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में 11 मार्च को उपमुख्यमंत्री विजय सिंहा मुख्य अतिथि होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. डीपी सिंह होंगे। इसी प्रकार समापन में राज्य सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुख्य अतिथि होंगे जबकि विशिष्ट अतिथि इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर द आर्ट, न्यू दिल्ली की निदेशक (एडमिन) डॉक्टर प्रियंका मिश्रा, आईपीएस होगी। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 10 मार्च को प्री कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप होगा जबकि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन 11 मार्च को और समापन 12 मार्च को होना है।

आईसीडब्ल्यू एमआर 2024 एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन है जिसका आयोजन गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, सासाराम की ओर से किया जा रहा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सफलता के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सह पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह, कुलपति प्रोफेसर महेंद्र कुमार सिंह, प्रतिकूलपति प्रोफेसर जगदीश सिंह, सचिव गोविंद नारायण सिंह, प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह, कुलसचिव डॉक्टर अभिषेक कामेन्दु, सहायक कुल सचिव मिथिलेश कुमार सिंह, आयोजन समिति की अध्यक्ष मोनिका सिंह समेत विभिन्न पदाधिकारी हर पहलू पर नजर रखे हुए हैं। तैयारी को अंतिम रूप देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं।

# दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक बाइक सवार की मौत, दो घायल

निज संवाददाता



**चैनपुर (कैमूर)।** कैमूर जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के सतौना पुल के पास बीती रात दो बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। एक बाइक पर सवार पिता की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, उनकी बेटी और दूसरे बाइक पर सवार लड़का घायल हो गया। आसपास के लोगों ने निजी वाहन से दोनों घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेजवाया। चैनपुर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया।

एक बाइक पर पिता और पुत्री सवार थे तो दूसरी बाइक पर अकेला युवक था। मृतक चांद थाना क्षेत्र के सुरहा गांव निवासी जगदीश सिंह यादव हैं। उनकी पुत्री खुशबू कुमारी घायल हो गई और दूसरा बाइक सवार चैनपुर थाना क्षेत्र के हाटा गांव का सैराजुद्दीन अंसारी का 20 वर्षीय पुत्र सैफुद्दीन अंसारी बताया जा रहा है। मृतक के रिश्तेदार हीरा यादव ने बताया कि जगदीश यादव अपनी बेटी के साथ बाइक पर रामगढ़ से अपने गांव चांद थाना क्षेत्र के सुरहा जा रहे थे। चैनपुर थाना क्षेत्र के सतौना पुल के पास जैसे ही पहुंचे सामने से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार पिता की घटना स्थल पर मौत हो गई और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर मारने वाला बाइक सवार भी गिर कर घायल हो गया। सभी को सदर अस्पताल भभुआ लाया गया था, जहां लड़की और लड़के का इलाज चल रहा है।

### डीजे बजाने पर प्राथमिकी दर्ज

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर सासाराम शहर में निकाले गए शोभा यात्रा में डीजे बजाए जाने को लेकर नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष रंजन के निर्देश पर नगर थाने की पुलिस ने डीजे संचालक एवं वाहन मालिक सहित कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं मामले में नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि शोभायात्रा में डीजे बजाए जाने को लेकर डीजे संचालक एवं वाहन मालिक सहित कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## शस्त्र सत्यापन नहीं कराने वाले चार लाइसेंस धारकों को नोटिस भेजा

निज संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** करमचट थाने की पुलिस ने वैसे 4 लाइसेंस धारकों को नोटिस भेजा, जिनके द्वारा निर्धारित तिथि तक अपने शस्त्रों का सत्यापन नहीं कराया है। इसके बाद भी संबंधित शस्त्र धारी अपने शस्त्रों का सत्यापन नहीं कराए तो उनपर कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारी को पत्र लिखा जाएगा। जैसा निर्देश होगा वैसा आगे कार्यवाही की जाएगी। यह जानकारी थानाध्यक्ष विकास कुमार ने दी और बताया कि थाना क्षेत्र में कुल 69 लाइसेंस धारक हैं। इनमें से 30 लोगों ने अपने शास्त्रों का सत्यापन कराया है। शेष में 35 लोगं का शस्त्रागार में जमा है। बचे चार लोगों ने निर्धारित तिथि तक अपने शस्त्र का सत्यापन नहीं कराया है। ऐसे लोगों को नोटिस भेजकर सत्यापन के लिए निर्देश दिया गया है।

# नरमा के तत्वावधान में नारी शक्ति फिटनेस कार्यक्रम का आयोजन

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** नेहरू युवा केंद्र जहानाबाद के द्वारा ज्योत्सना युवा मंडल नरम के तत्वाधान में नारी शक्ति फिटनेस कार्यक्रम का आयोजन हुलासगंज हाई स्कूल के मैदान में कराया गया जिसकी अध्यक्षता ज्योत्सना युवा मंडल नरमा के सचिव रणधीर कुमार ने किया तथा कार्यक्रम का उद्घाटन हुलासगंज थाना प्रभारी पंकज कुमार ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा कि नारियों को फिटनेस के लिए दौड़ योगा अ।दि आवश्यक रूप से करनी चाहिए।,इसके लिए नेहरू युवा केंद्र जहानाबाद को इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद देते हैं। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग दौड़ बहुत जरूरी है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। नारी शक्ति फिटनेस दौड़ में प्रथम पार्वती देवी द्वितीय सोनी देवी तृतीय विभा देवी को टी-शर्ट एवं कप तथा प्रमाण पत्र देकर हुलासगंज थाना प्रभारी पंकज कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को विभिन्न युवा मंडल के सदस्य गिरीश कुमार, विकास कुमार, नंदनी कुमारी, रौशन कुमार इत्यादि ने शामिल होकर सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा किया। कार्यक्रम को नेहरू युवा केंद्र के अनीषा भारती एवं सोनी कुमारी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर आयोजन को समाप्त किया।

### पुलिस ने शराबी को न्यायालय में किया पेश

**रामपुर (कैमूर) (नि. सं.)।** बेलांव थाने की पुलिस ने एक शराबी को गिरफ्तार किया। अस्पताल में शराब पीने की पुष्टि होने पर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष अनिश कुमार ने दी और बताया कि गिरफ्तार शराबी मनोज बिंद करमचट थाना क्षेत्र नावाडीह गांव का निवासी है। उसे अहिरांव गांव जाने वाले पथ में बड़वा पहाड़ी के पास से गिरफ्तार किया गया है।

## पीएम मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत 155 गर्भवती महिलाओं की मेडिकल जांच

निज संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** पीएचसी में पीएम मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत शिविर लगाया गया, जिसमें 155 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर जरूरी दवाएं दी गई। मातृ व शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए राष्ट्रीय मुहिम के तहत यह आयोजन हर माह की 9 तारीख को किया जाता है। इसकी जानकारी सीएचओ अर्चना कुमारी ने दी और बताया कि इस अभियान में चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं दी। दिनभर स्वास्थ्य समस्या बताने वाली महिलाओं का तांता लगा रहा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 150 महिलाओं का रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, हिमोग्लोबिन की जांच की गई। स्वस्थ रहने के लिए नियमित पौष्टिक आहार लेने के बातें बताई गई।

# नव पदस्थापित जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने संभाला पदभार

पदभार ग्रहण के बाद डीएम ने कार्यालयों का किया निरीक्षण



निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद नवपदस्थापित जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर उन्होने जिला स्तर के अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। बाद में उन्होने समाहरणालय परिसर स्थित सभी कार्यालयों का निरीक्षण कर अधिकारियों व कर्मियों को कई जरूरी हिदायतें दी। डीएम ने सभी अधिकारियों से बारी-बारी से परिचय प्राप्त करने के बाद उनके विभागों से संबंधित कार्यों के ताजा प्रगति की जानकारी प्राप्त किया। उन्होने अधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होने बताया कि फिलहाल सभी अधिकारी आगामी लोकसभा चुनाव को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होने कहा कि सभी को आपस में समन्वय स्थापित कर शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ वातावरण में सम्पन्न करने के लिए पूरे समर्पण व जिम्मेदारी से काम करना अनिवार्य है। उन्होने निर्देश दिया कि संचिकाओं के रख-रखाव तथा कार्यालय के साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाए। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए गठित कोषांगों को ऐक्टिव रखने का भी निर्देश दिया। नए डीएम ने जिला अभिलेखागार कार्यालय, जिला पंचायत राज शाखा, जिला निर्वाचन कार्यालय, जिला राजस्व शाखा, जिला सामान्य शाखा, जिला विधि शाखा, जिला उर्दू भाषा कोषांग, जिला स्थापना शाखा, जिला आपूर्ति शाखा, जिला भू-अर्जन शाखा इत्यादि का निरीक्षण कर अधिकारियों को कई जरूरी निर्देश दिया।

## डीएम रिची पांडेय को दी गई भावभिनी विदाई

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** स्थानांतरित जिलाधिकारी रिची पांडेय का यहां कलेक्ट्रेट के ग्राम प्लेक्स भवन में समारोह आयोजित कर भावभिनी विदाई दी गई। गौरतलब हो कि श्री पांडेय को सीतामढ़ी का डीएम बनाया गया है। जदयू जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित समारोह में जिले के विभिन्न सामाजिक उपकरणों के प्रबुद्ध लोगों ने हिस्सा लिया। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि निवर्तमान जिलाधिकारी रिची पांडेय ने जिले के विकास के लिए जो प्रशासनिक मानक तय किया है, वह बेहद उपयोगी है। उन्हें सरकार के द्वार बेहतर प्रशासनिक कार्यों के लिए कई दफे राज्य स्तर पर पुरस्कृत भी किया जा चुका है। भूमि जमाबंदी के डिजीटाइजेश में जहानाबाद जिले को राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कर उन्होने जिले का नाम रोशन किया है। सामाजिक कार्यकर्ता मदन शर्मा खसखोरी ने कहा कि स्थानांतरिक डीएम श्री पांडेय ने नवाचार योजना में भी युवाओं को सृजन की ओर प्रेरित कर उन्हें नई राह दिखाने में अच्छी कामयाबी हासिल किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा इसके लिए उन्हें जिलाधिकारी के रूप में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा चुका है। जिले में जिला लोक शिकायत निवारण के क्षेत्र में इनोवेशन के लिए मुख्यमंत्री ने उन्हें समानित किया है। वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की उपलब्धियों को जिले के लिए शानदार बताते हुए उन्हें एक परिपक्व प्रशासक के अलावा शानदार इंसान भी बताया। विदाई समारोह में महेंद्र कुमार सिंह, हम जिला अध्यक्ष मनीष शर्मा, रामभवन सिंह कुशवाहा, पूर्व प्रधानाध्यापक मिथलेश शर्मा, अधिवक्ता सुरेंद्र प्रसाद सिन्हा, जिला प्रवक्ता अमित कुमार पम्मू सहित सहित सैकड़ों प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

# जीबीएम कॉलेज में 'इन्वेस्ट इन वीमेन एक्सेलेरेट प्रॉग्रेस' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

निज संवाददाता



**गया।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में प्रधानाचार्य प्रो. जावैद अशरफ़ की अध्यक्षता में एनएसएस द्वारा संचालित सेहत केन्द्र के बैनर तले 'इन्वेस्ट इन वीमेनः एक्सेलेरेट प्रॉग्रेस' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन एनएनएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ प्रियंका कुमारी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य प्रो.जावैद अशरफ़ एवं उपस्थित प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके किया। तत्पश्चात, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी के निर्देशन में छात्रा ईशा शेखर, अन्या, तान्या, हर्षिता एवं निधि ने हारमोनियम पर कॉलेज कुलगीत की सुमधुर प्रस्तुति दी। छात्रा चाँदनी बसोया ने नारी शक्ति के सम्मान में 'कोमल है कमजोर नहीं तू' गीत गाकर सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम को प्रो.अफशां सुरैया, डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, डॉ पूजा, डॉ कृति सिंह आनंद, छात्रा ईशा शेखर, शिवांगी, दिव्या मिश्रा आदि ने संबोधित करते हुए समाज की प्रगति को त्वरित गति प्रदान करने के लिए महिलाओं को हर क्षेत्र में अपनी भूमिका निभाने की बात कही। प्रधानाचार्य ने छात्राओं को अपने अंदर निहित क्षमताओं को पहचानने की बात कही। प्रो अफशां सुरैया ने कहा कि महिलाओं को दरकिनार करके समाज का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है।

डॉ पूजा ने वुमन तथा फीमेल शब्दों के मध्य स्थित अंतर को गहराई से समझाया। डॉ रश्मि ने महिलाओं की सुरक्षा पर अपने विचार रखते हुए कहा कि महिलाओं को एकजुट होकर समग्र लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। 'अब और नहीं, अब और नहीं, रावण को डरना ही होगा। माँ, बहन-बेटियों का अस्तित्व सुरक्षित करना ही होगा' पंक्तियों द्वारा उन्होंने महिलाओं के लिए सुरक्षित भविष्य का निर्माण करने हेतु सारे समाज का आह्वान किया। डॉ कृति सिंह आनंद ने इतिहास से रजिया सुल्ताना का उदाहरण देते हुए महिलाओं के राजनीतिक और प्रशासनिक सशक्तीकरण की बात कही। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ प्रियंका कुमारी ने सभी छात्राओं के लिए शिक्षा को बहुत जरूरी ठहराया। कार्यक्रम में डॉ. सहदेव बाउरी, डॉ नूतन कुमारी, डॉ शगुफ्ता अंसारी, डॉ प्यारे माँझी, डॉ फरहीन वज़ीरी, डॉ रुखसाना परवीन, डॉ अमृता कुमारी घोष, डॉ. सुरबाला कृष्णा, डॉ सुनीता कुमारी, डॉ बनीता कुमारी के साथ कॉलेज की अनेक छात्राएं उपस्थित थीं।



डब्ल्यूपीएल 2024

# मुंबई इंडियंस ने गुजरात जायंट्स को हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यहां अरुण जेटली स्टेडियम में शनिवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 के 16वें मैच में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टीम का नेतृत्व करते हुए नाबाद 95 रनों की पारी खेली, जिससे मुंबई इंडियंस ने गुजरात जायंट्स को सात विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई और सात मैचों में पांच जीत और दो हार के साथ 10 अंक जुटाकर प्लेऑफ के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। छह मैचों में पांचवीं हार झेलने के बाद गुजरात जायंट्स दो अंकों के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे है.

पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात जायंट्स ने कप्तान बेथ मूनी (35 गेंदों पर 66 रन) और दयालन हेमलता (40 गेंदों पर 74 रन) के धमाकेदार अर्धशतकों की बदौलत 20 ओवरों में 190/7 का मजबूत स्कोर बनाया।जवाब में मुंबई इंडियंस 14वें ओवर में 98/3 पर गिर गई थी, लेकिन हरमनप्रीत कौर और अमेलिया केर ने चौथे विकेट के लिए 93 रन बनाए। हरमनप्रीत कौर ने 30 से अधिक गेंदों में 75 रन बनाए। मुंबई इंडियंस एक गेंद बाकी रहते 191/3 तक पहुंचने में सफल रही।मुंबई इंडियंस ने 191 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए यास्तिका भाटिया (49) और हेले मैथ्यूज (18) के साथ अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े, लेकिन मैथ्यूज तनुजा कंवर की गेंद पर स्नेह राणा के हाथों कैच आउट हो गए। नैट साइवर-ब्रंट भी जल्दी ही आउट हो गईं, उन्हें 57 के स्कोर पर शाहनाम एमडी की गेंद पर स्नेह राणा ने कैच कर लिया।यास्तिका और हरमनप्रीत ने स्कोर को 98 रन तक पहुंचाया। इससे पहले कि यास्तिका 49 रन पर एशले गार्डनर की गेंद पर कैच और बोल्ड हो गईं, उन्होंने 36 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाकर अपनी पारी खेली।

हरमनप्रीत कौर ने मुंबई इंडियंस की उम्मीदें बरकरार रखीं व खुलकर रन बनाए और 33 गेंदों पर छह चौके और एक छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। हरमनप्रीत और अमेलिया केर ने चौथे विकेट के लिए सिर्फ 22 गेंदों पर 50 रन जोड़े, जिसमें हरमन ने 36 रन और केर ने नौ रन जोड़े।

मुंबई इंडियंस 18वें ओवर में 150 रन तक पहुंच गई और हरमनप्रीत कौर ने स्नेह राणा द्वारा फेंके गए 18वें ओवर में 24 रन बनाकर मैच का रुख बदल दिया। जब 18 गेंदों पर 47 रनों की जरूरत थी, तब हरमनप्रीत कौर ने स्नेह की गेंद पर तीन चौके और दो छक्के लगाए। उन्होंने अगले ओवर में तजुना कंवर की गेंद पर छक्का लगाया, जिससे मुंबई इंडियंस का स्कोर 10 रन हो गया।आखिरी छह गेंदों पर 13 रनों की जरूरत थी, हरमनप्रीत ने एशले गार्डनर को पहली गेंद पर छक्का और अगली गेंद पर एक छक्का लगाया, क्योंकि आखिरी चार गेंदों पर तीन रन के साथ वे 191 पर पहुंच गए।इससे पहले, मूनी और हेमलता ने दूसरे विकेट की साझेदारी के लिए 121 रन बनाए, जिसमें मूनी ने 66 (8×4, 3×6) और हेमलता ने 74 (9×4, 2×6) रन जोड़े। मूनी ने 27 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया, जबकि हेमलता ने 28 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। सजीवन सजना की गेंद पर मूनी के बोल्ड होने से पहले उन्होंने स्कोर को 139 रन तक पहुंचाया। भारती फुलमाली ने 13 गेंदों में 21 रन बनाए और गुजरात जायंट्स को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया।

**संक्षिप्त स्कोर:** गुजरात जायंट्स 20 ओवर में 190/7 (बेथ मूनी 66, दयालन हेमलता 74; सैका इशाक 2-31) 19.5 ओवर में 191/3 से हार गई (यास्तिका भाटिया 49, हरमनप्रीत कौर 95 नाबाद; एशले गार्डनर 1-22) सात से विकेट से।

## 36 गेंद पर 91 रन! हरमनप्रीत कौर ने तो उत्पात मचा दिया



महिला प्रीमियर लीग 2024 के 16वें मैच में मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपनी बैटिंग से तबाही मचा दिया। हरमनप्रीत ने महज 48 गेंद में 95 रनों रनों की तूफानी पारी खेली। मैच में एक समय गुजरात जायंट्स की टीम मजबूत स्थिति में दिखाई पड़ रही है। मुंबई को 36 गेंद में 91 रन बनाने थे जो काफी मुश्किल लग रहा था, लेकिन हरमनप्रीत कौर ने इसे संभव कर दिया। ऐसे में आइए जानते हैं आखिरी के उन 6 ओवरों में क्या हुआ जिससे मुंबई की टीम ने महिला प्रीमियर लीग में इतिहास रच दिया।

मैच में गुजरात की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 190 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की शुरुआत कुछ खास नहीं थी। टीम 14 ओवर में 3 विकेट गंवाकर मुश्किल से 100 रन तक पहुंच पाई थी, लेकिन इसके बाद हरमनप्रीत कौर ने अपना जलवा दिखाया। हरमन खुद 14वें ओवर की समाप्ति तक 21 गेंद में 20 रन बनाकर खेल रही थी, लेकिन 15वें ओवर में उन्होंने मेघना सिंह के खिलाफ 2 चौके और 1 छक्के की मदद से 19 रन कूट दिए।

मेघना सिंह के ओवर में 19 रन खाने के बाद गुजरात ने 16वां ओवर स्नेह राणा को थमाया। स्नेह ने अपने इस ओवर में मुंबई के बल्लेबाजों को बांधकर रखा और सिर्फ 7 रन खर्च किए। गुजरात के लिए 17वां ओवर शबनम शकील लेकर आई। शबनम शकील की इस ओवर में हरमनप्रीत कौर और अमेलियिा केर ने मिलकर 18 रन बटोरे जिसमें 6 छक्का और एक चौका भी शामिल था।

## नीरज चोपड़ा ने सरकार के प्रतिभा पहचान कार्यक्रम का समर्थन किया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने सरकार के राष्ट्रीय स्तर के खेल विकास कार्यक्रम कीर्ति का समर्थन करते हुए कहा कि इसमें देश के शैक्षणिक तंत्र में बड़े बदलाव लाने की क्षमता है। खेल मंत्रालय ने स्कूली बच्चों को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर के प्रतिभा पहचान कार्यक्रम कीर्ति को शुरू किया है। इस कार्यक्रम के तहत प्रतिभा की पहचान करके उनके कौशल को निखारा जाएगा।

### भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा

ओलंपिक और विश्व चैंपियन चोपड़ा ने कहा कि यह स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए मजबूत आधार होगा और इससे उनके भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। साई (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया के वीडियो में चोपड़ा ने कहा, हमें 13-14 आयु वर्ग के बच्चों को यह बताना होगा कि उन्हें खेल और शिक्षा दोनों पर ध्यान देने की जरूरत है।

अगर स्कूल भी उनका समर्थन करके चीजों को संतुलित कर सकते हैं, तो यह बहुत अच्छा होगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इसमें (शिक्षा प्रणाली) बदलाव होना चाहिए ताकि खेल और शिक्षा दोनों के बीच संतुलन पैदा किया जा सके। यदि ऐसा होता है तो इससे हमारे देश में बड़ा बदलाव आएगा।

# रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया की बादशाहत, हर फॉर्मेट में बनी नंबर 1

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम ने इंग्लैंड को टेस्ट सीरीज में 4-1 से मात दी। भारतीय टीम का घर पर जीत का सिलसिला कायम है। वह बीते 12 साल से अपनी जमीन पर कोई टेस्ट सीरीज नहीं हारा है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम लगातार सफलता हासिल कर रही है और इसका सबूत है आईसीसी वर्ल्ड रैंकिंग। भारतीय टीम रविवार को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर वन बन गई है।



### भारतीय टीम बनी टेस्ट में नंबर 1

भारतीय टीम धर्मशाला टेस्ट से पहले रैंकिंग में दूसरे स्थान पर थी। रविवार को उसने ऑस्ट्रेलिया को हटाकर टॉप स्थान हासिल किया। भारत के 122 रैटिंग अंक हैं वहीं ऑस्ट्रेलिया क 117 अंक है। इंग्लैंड 111 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर कायम है। न्यूजीलैंड चौथे और साउथ अफ्रीका पांचवें नंबर पर हैं।

### वनडे और टी20 में भी नंबर वन

भारत पहले से ही वनडे और टी20 रैंकिंग में पहले स्थान पर है। इस समय वह तीनों फॉर्मेट में पहले स्थान पर है। रोहित शर्मा तीनों की फॉर्मेट में टीम के कप्तान हैं। ऐसे में इस सफलता का बड़ा श्रेय रोहित की कप्तानी को दिया जा रहा है।

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भी नंबर वन भारत

भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंकतालिका में भी पहले स्थान पर है। भारत ने अब तक नौ टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें से वह छह जीता है जबकि दो में उसे हार मिली। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज के परिणाम का भारत की पॉजिशन पर असर नहीं होगा। न्यूजीलैंड के वेलिंगटन में ऑस्ट्रेलिया से पहले टेस्ट में 172 रन से हारने से भारत इस हफ्ते के शुरू में डब्ल्यूटीसी तालिका में दूसरे से पहले स्थान पर पहुंच गया था।

ऑस्ट्रेलिया 59.09 प्रतिशत अंक से तालिका में तीसरे स्थान पर है। भारत से श्रृंखला हारने से इंग्लैंड 17.5 प्रतिशत अंक से आठवें स्थान पर है। भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पिछले दोनों फाइनल खेल चुका है। उसे पहली बार में न्यूजीलैंड और दूसरी बार में ऑस्ट्रेलिया से हार मिली थी।

फ्रेंच ओपन

# सात्विक-चिराग की जोड़ी फ्रेंच ओपन के फाइनल में



**पेरिस, एजेंसी।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व में नंबर एक भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरिया के सियो सेउंग जे और कांग मिन ह्युक को सीधे गेम में हराकर फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने इस साल लगातार तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई है।

हालांकि, वह इस साल एक भी खिताब नहीं जीत पाए हैं। उन्हें पहले खिताब की तलाश है और फ्रेंच ओपन में वह इस सूखे को खत्म करना चाहेंगे। फ्रेंच ओपन में भी यह जोड़ी तीसरी बार फाइनल में पहुंची है। सात्विक और चिराग ने शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल में कोरिया की जोड़ी को 21-13, 21-16 से हराया।

### लक्ष्य सेन का अभियान समाप्त

पुरुष एकल में हालांकि लक्ष्य सेन का अभियान मौजूदा विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न से हारने के बाद समाप्त हो गया। कुनलावुत ने सेमीफाइनल में एक घंटे 18 मिनट तक चले मुकाबले में 20-22, 21-13, 21-11 से जीत दर्ज की।सात्विक-चिराग ने बदला पूरा किया

सात्विक और चिराग ने दुनिया की दो सर्वश्रेष्ठ जोड़ियों के बीच खेले गए मुकाबले में शुरू से ही दबदबा बनाए रखा तथा इस साल के शुरू में इंडिया ओपन में मिली हार का बदला चुकता किया।

### फाइनल में इनसे होगा सामना

मौजूदा विश्व चैंपियन जोड़ी के खिलाफ पहला गेम आसानी से जीतने के बाद सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में भी कोरियाई जोड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया। भारतीय जोड़ी ने यह मुकाबला केवल 40 मिनट में अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी फाइनल में चीनी ताइपे के ली झे हुई और यांग पो ह्वान से भिड़ेगी, जिन्होंने सेमीफाइनल में जापान के ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी को हराया।




## श्रीलंका ने 28 रन से जीता तीसरा टी-20, बांग्लादेश को सीरीज 2-1 से हराई

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका ने बांग्लादेश को तीसरे टी-20 में 28 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने 3 टी-20 की सीरीज भी 2-1 के अंतर से जीत ली। श्रीलंका से नुवान थुषारा ने हैट्रिक लेने के साथ पारी में 5 विकेट लिए। उनकी ही टीम के कुसल मेंडिस प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए। सिलहट में शनिवार को श्रीलंका ने पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 174 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश टीम 146 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

**कुसल मेंडिस ने दिलाई शानदार शुरुआत**

शनिवार को बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। श्रीलंका ने 18 रन के स्कोर पर धनंजय डी सिल्वा का विकेट गंवा दिया। लेकिन ओपनर कुसल मेंडिस दूसरे एंड पर टिक गए। उन्होंने कमिंडु मेंडिस के साथ 34 रन और वनिंदू हसरंगा के साथ 59 रन की पार्टनरशिप की।

श्रीलंका ने 111 रन के स्कोर पर 3 विकेट गंवाए, मेंडिस फिर भी टिके रहे। वह 17वें ओवर में 86 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि तब तक टीम का स्कोर 140 तक पहुंच चुका था।

**शनाका ने 174 तक पहुंचाया**

मेंडिस के विकेट के बाद चरिथ असलंका 3 और एंजलो मैथ्यूज 10 रन बनाकर आउट हो गए। आखिर में पूर्व कप्तान दसुन शनाका ने 9 बॉल पर 19 रन बनाए और टीम का स्कोर 174 रन तक पहुंचा दिया। वह पारी की आखिरी बॉल पर रन आउट हो गए। बांग्लादेश से रिशाद हुसैन और तस्कीन अहमद ने 2-2 विकेट लिए। एक-एक सफलता शोरिफुल इस्लाम और मुस्तफिजुर रहमान को भी मिली।

बांग्लादेश की शुरुआत खराब, थुषारा ने पावरप्ले में हैट्रिक ली

175 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश टीम की शुरुआत खराब रही।

## क्राइस्टचर्च टेस्ट के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया 77/4, 202 रन की और जरूरत

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच क्राइस्टचर्च में 2 टेस्ट की सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जा रहा है। हैग्ले ओवल मैदान पर तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 4 विकेट पर 77 रन



बना लिए। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 372 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया को 279 रन का टारगेट दिया।

पहली पारी में न्यूजीलैंड ने 162 और ऑस्ट्रेलिया ने 256 रन बनाए थे। तीसरे दिन न्यूजीलैंड ने 134/2 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टॉम लैथम ने 65 और रचिन रवींद्र ने 11 रन के स्कोर से पारी आगे बढ़ाई। लैथम 73 रन बनाकर आउट हो गए लेकिन रचिन ने फिफ्टी लगा दी। उन्होंने डेरिल मिचेल के साथ चौथे विकेट के लिए 123 रन की पार्टनरशिप की।

मिचेल 58 रन बनाकर आउट हुए, उनके बाद रचिन भी 82 रन बनाकर आउट हो गए। इनके बाद टॉम ब्लंडेल 9 रन बनाकर आउट हुए और टीम ने 296 रन के स्कोर पर 6 विकेट गंवा दिए। डेरिल मिचेल और रचिन रवींद्र ने 123 रन की पार्टनरशिप की।

### फिलिप्स-कुगलेइन ने की फिफ्टी पार्टनरशिप

ग्लेन फिलिप्स और स्कॉट कुगलेइन ने फिर 7वें विकेट के लिए 53 रन की पार्टनरशिप कर ली। फिलिप्स 16 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच साझेदारी टूटी। मैट हेनरी ने 16 रन बनाए और टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचा। टिम साउदी खाता भी नहीं खोल सके, उनके बाद कुगलेइन 44 रन बनाकर आउट हुए और टीम 372 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई।

# पेरिस ओलंपिक में रेसलिंग का मेडल पक्का! ट्रायल में भाग लेने के लिए तैयार हुए बजरंग पुनिया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के दिग्गज पहलवान बजरंग पुनिया से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है. दरअसल, बजरंग पुनिया पेरिस ओलंपिक ट्रायल में भाग लेने के लिए तैयार हो गए हैं. आज सोनीपत के स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया एकेडमी में ट्रायल का आयोजन होना है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बजरंग पुनिया सोनीपत पहुंच चुके हैं. पिछले दिनों रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया को संस्पेंड कर दिया था. लेकिन अब एक बार फिर रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया को बहाल कर दिया गया है.

**सोनीपत के स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया एकेडमी पहुंचे बजरंग पुनिया**

इससे पहले बजरंग पुनिया के पेरिस ओलंपिक ट्रायल में भाग लेने के सवाल पर लगातार कयास लग रहे थे, लेकिन अब साफ हो गया है कि वह सोनीपत के स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया एकेडमी में आयोजित ट्रायल में हिस्सा ले रहे हैं. टोक्यो ओलंपिक में बजरंग पुनिया ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था. इसके अलावा कई बड़े इवेंट्स में बजरंग पुनिया मेडल अपने नाम कर चुके हैं. बहरहाल, पेरिस ओलंपिक से पहले भारतीय फैंस के लिए अच्छी खबर सामने आ रही है. हालांकि, यह देखना मजेदार होगा कि पेरिस ओलंपिक में बजरंग पुनिया का प्रदर्शन कैसा रहता है?

**बजरंग पूनिया ने डब्ल्यूएफआई के खिलाफ की थी एक्शन की मांग**

पिछले दिनों भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया ने एक ओपन लेटर लिखा था. इस लेटर के माध्यम से उन्होंने यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग से भारतीय कुश्ती महासंघ के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की थी. हालांकि, इसके बाद कुछ दिनों बाद ही वर्ल्ड रेसलिंग ने भारतीय कुश्ती संघ से प्रतिबंध हटा दिया था. दरअसल, वर्ल्ड रेसलिंग ने भारतीय संघ को चुनाव न होने के चलते अनिश्चित काल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था.

## एक नजर

### वारंटी गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (का.सं.)।** नबीनगर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 भवानोखाप गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार यादव उर्फ गोरा यादव को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान पीएसआई राजीव कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा घर से पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि उक्त व्यक्ति पर कोर्ट के द्वारा वारंट निर्गत था। वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### तेतरिया हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (का.सं.)।** नबीनगर थाना क्षेत्र के महुअरी गांव निवासी ओम प्रकाश चौहान को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय एवं सशस्त्र बल के द्वारा घर से पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त व्यक्ति पर तेतरिया गांव में हुई हत्या मामले में प्राथमिकी दर्ज थी। वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### पीएनबी के पास से दिनदहाड़े बाइक की हुई चोरी

**गोह(औरंगाबाद) (का.सं.)।** गोह थाना मुख्यालय स्थित पीएनबी बैंक के समीप से दिनदहाड़े एक बाइक चोरी का मामला प्रकाश में आया है। थाना से महज़ 100 मीटर की दूरी पर स्थित पीएनबी बैंक के समीप से कई बार असमाजिक तत्वों द्वारा पैसे की छिनतई तो कभी पाकेटमारी, बाइक चोरी सहित अन्य घटनाओं का अंजाम अपराधी निर्भिक होकर देते हैं लेकिन पुलिस अंकुश लगाने में अब तक असफल साबित हो रही है। बताया जाता है कि अमारी गांव निवासी पुरूषोत्तम कुमार शनिवार को अपने व्यक्तिगत काम से गोह बाजार आया था। बैंक के समीप बीआर 26 जे 6492 काले रंग का स्पलेंडर प्लस बाइक लगाकर किसी काम के लिए गया, जब 10 मिनट के बाद आया तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। इस मामले में पीड़ित बाइक मालिक द्वारा रविवार को गोह थाने को लिखित आवेदन दी गई है, इधर पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है।

# रफीगंज स्टेशन पर हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस का ठहराव शुरू, सांसद ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को किया रवाना

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** पूर्व मध्य रेल के दीनदयाल उपाध्याय मंडल अंतर्गत औरंगाबाद जिले के रफीगंज, जाखिम और फेसर रेलवे स्टेशन स्टेशन पर रविवार से विभिन्न ट्रेनो का ठहराव आरंभ हो गया है। इसके तहत जाखिम स्टेशन पर ट्रेन संख्या 13151/52 जम्मूतवी-कोल कात्ता एक्सप्रेस, 13009/10 दून एक्सप्रेस), फेसर स्टेशन पर 13151/52 जम्मूतवी-कोल कात्ता एक्सप्रेस एवं रफीगंज स्टेशन पर 12307/08 हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस का ठहराव आरंभ हुआ है। इसी कड़ी में औरंगाबाद के बीजेपी सांसद सुशील कुमार सिंह ने रफीगंज स्टेशन पर ठहराव के बाद हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर अगले स्टेशन के लिए रवाना किया। इन सभी ट्रेनो के ठहराव के लिए सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि इस महत्वपूर्ण ट्रेन का ठहराव रफीगंज के लिए सौभाग्य की बात है। सुबह सुबह इतनी बड़ी संख्या में एनडीए के कार्यकर्ता उपस्थित है। नई गाड़ी मिलने से लोगों में बहुत खुशी और उत्साह है। कहा कि स्थानीय लोगो के द्वारा जो मांग की गई, वह पूरा होगा। मेरे द्वारा पहले भी कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव कराया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमृत भारत स्टेशन योजना का शुरुआत हुई है। इसके तहत मेरे लोकसभा क्षेत्र के रफीगंज के अलावा और भी विभिन्न स्टेशनों का डेवलपमेंट हो रहा है। पहले रिजर्वेशन जो 2 बजे तक होता है,, उसका समय बढ़ाकर रात 8 बजे तक होना चाहिए। कहा कि और एक एफओबी की मांग हुई है। और जो भी नई ट्रेन के ठहराव की मांग की गई है, वह भी जल्द पूरा किया जाएगा।यहा की जनता को अधिक से अधिक रेल की सुविधा मिले, यह मेरा कर्तव्य और ड्यूटी है। इसको मैं हमेशा करता हूं और आगे भी करता रहूंगा। इसी कड़ी में फेसर स्टेशन पर भाजपा के फेसर मंडल अध्यक्ष सह प्रखंड सांसद प्रतिनिधि भरत सिंह ने सैंकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ 13151/52 जम्मूतवी-कोलकात्ता एक्सप्रेस ट्रेन को ठहराव के बाद हरी झंडी दिखाकर आगे के लिए रवाना किया। कहा कि ट्रेनों के ठहराव से लोगो को यात्रा करने में काफी सुविधा होगी।इस नेक कार्य के लिए लोकसभा क्षेत्र और जिलावासियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सांसद सुशील कुमार सिंह को बहुत बहुत धन्यवाद और आभार है। कार्यक्रम में भाजपा के रफीगंज नगर अध्यक्ष संतोष साव, रफीगंज ग्रामीण अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष दीनानाथ विश्वकर्मा, जिला मंत्री संगीता प्रसाद, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, जिला पार्षद सह भाजपा के कासमा मंडल अध्यक्ष प्रदीप चौरसिया, मंडल महामंत्री बबलू सिंह, बालगोविंद साहू, मंडल उपाध्यक्ष गोपाल प्रसाद, मुखिया विजय सिंह, मुखिया संजय कुमार, स्वरूपचंद जैन, प्रदीप जैन, अनिल जैन, डॉ. अमित मनोहर, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. संगम कुमार वर्मा, भाजयुमो के जिला महामंत्री शुभम सिंह, लड्डू खां, सोहैल खान, संजय गुप्ता उर्फ़ योगी जी, चुन्नू शर्मा, नागेन्द्र शर्मा, अशोक प्रसाद, उपेन्द्र साव, शिवनारायण साव, विजय सिन्हा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील वर्मा, लोजपा(रामविलास) के प्रखंड अध्यक्ष राजेश पासवान, लोजपा नेता विनोद दास, जदयू नेता विजय विश्वकर्मा एवं सैंकड़ो की संख्या में शहरवासी, समाजसेवी, बुद्धिजीवी एवं एनडीए के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसपी ने की मासिक अपराध समीक्षा बैठक



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद की पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम की अध्यक्षता में जिला योजना भवन में जिला स्तरीय मासिक अपराध समीक्षा बैठक की गई। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, दाउदनगर, पुलिस उपाधीक्षक(रक्षित), प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक, जिले के सभी अंचल पुलिस निरीक्षक एवं थानाध्यक्ष शामिल रहे। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने आगामी लोकसभा चुनाव से संबंधित दिशा-निर्देश दिए। गश्ती की भी समीक्षा की एवं निर्देश दिए। प्रत्येक दिन इकाई से वाहन चेकिंग, बैंक चेकिंग पेट्रोल पम्प की चेकिंग करने का आदेश दिया। अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध सतत छापामारी करने,मद्य निषेध अभियान के तहत निरंतर छापेमारी करने का निर्देश दिया। कांडों के निष्पादन की समीक्षा की एवं निर्देश दिया। भूमि विवाद से संबंधित मामलों निवारण का निर्देश दिया। शस्त्र सत्यापन करने का निर्देश दिया। अनुसूचित जाति-जन जाति से संबंधित कांडों की समीक्षा की एवं निर्देश दिया।

### 500 से अधिक लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच

**पटना (नि.सं.)।** चित्रांश डॉक्टर वेलफेयर एसोसिएशन और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। बेली रोड स्थित सहाय सदन में आयोजित इस शिविर में शहर के कई जाने-माने चिकित्सकों द्वारा करीब पांच सौ लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। उनको निःशुल्क सलाह और दवाइयां भी दी गईं। कैंप में चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. मधुरेंद्र सिन्हा आदि समेत लगभ्गा 51 चिकित्सकों ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की।

# स्कूल की पांचवी वर्षगांठ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

निज संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)।** गोह के देवहरा बाजार स्थित जर्मिनेशन मिशन स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल के पांचवी वर्षगांठ के अवसर पर प्रबंध निदेशक एवं व्यवस्थापक विष्णु कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम का आयोजन किया। मंच का उद्घाटन मुखिया संघ के प्रदेश सचिव अभिषेक कुमार रंजन, डीपीएस स्कूल अरवल के प्रिंसिपल धर्मेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर एवं स्थानीय विधायक भीम कुमार सिंह ने फीता काट कर किया। इसके बाद आठवी क्लास की छात्रा सृष्टि कुमारी, वंदना कुमारी, रिया कुमारी एवं खुशी कुमारी ने गणेश वंदना पर डांस कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में छात्र एवं छात्रा के साथ साथ भारी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। दूसरी क्लास की छात्रा आनंदी, रिया, खुशी, रेशमी ने मोबाइल एडिक्शन पर नाटक के माध्यम से जानकारी दी कि कम उम्र के बच्चों को मोबाइल न दे। आठवी क्लास की छात्रा सौम्या, आदित्य, काजल, रागनी ने मेरे घर राम आयेंगे पर डांस कर भक्ति को भाव को जागरूक किया। चौथी क्लास की छात्रा सलोनी कुमारी एवं अभिनव कुमार ने पिता और पुत्री की एक नाटक के द्वारा लोगो को ये समाज को ये दिखाने का प्रयास किया कि बिटिया बोझ नहीं होती है। बेटियों को समाज में बेटो के बराबर का ही दर्जा देना चाहिए। उन्हें भी पढ़ने का, अपने लक्ष्य को पाने का का मौका मिलना चाहिए। शहीद फौजी संतोष मिश्रा के बलिदान पर एक नाटक प्रस्तुत की गई जिस पर दर्शकों के आंखों में आसूं आ गए। सभी ने शहीद संतोष मिश्रा को शत शत नमन किया। मंच संचालन कर रहे देवदास और मीनाक्षी कुजूर ने कहा कि शिक्षिका सपना कुमारी एवं अभी कुमार जो क बॉलीवुड के सुपर स्टार फिरोज खान के असिस्टेंट संजीत कुमार से ट्रेनिंग लेकर आए है, जो शिक्षा के साथ साथ नृत्य कला का भी अभ्यास कराते है। मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि न्यू सेशन मई से शुरू किया जाएगा जिसमे बास्केट बॉल एथलेटिक, नेट बॉल, हैंड बॉल, सेस्टो बॉल आदि जैसे गेम का भी क्लास चलाया जाएगा ताकि इस क्षेत्र के बच्चे भी नेशनल लेबल तक खेल सके। इस दौरान सोनाली, सजदा, मोनालिसा, मीनाक्षी कुजूर, हुमा नाज, शिक्षक, प्रदीप कुमार, डीयू दास, सर्वेश कुमार सहित सैकड़ों अभिभावक मौजूद रहे।

# कई रेल योजनाओं का 12 मार्च को उद्घाटन-शिलान्यास करेंगे पीएम

- प्रधानमंत्री डीएफसीसी के कार्गो हैंडलिंग स्टेशनों न्यू सोननगर, न्यू सोननगर लिंक, न्यू चिरैला पौथु को राष्ट्र को समर्पण करेंगे।

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** भारतीय रेल के आधुनिकीकरण, क्षमता वृद्धि एवं सुविधा विस्तार के तहत बड़े पैमाने पर अवसंरचना निर्माण तथा उन्नयन की कड़ी में 12 मार्च को वीडियो लिंक के माध्यम से प्रधानमंत्री देश भर में 85,000 करोड़ रुपए से अधिक की लगभग 6000 रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसमें बिहार के औरंगाबाद की भी कई योजनाएं शामिल है। पूर्व मध्य रेल के दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी वसीम ने बताया कि वीडियो लिंक के माध्यम से सोननगर-पतरातू तीसरी रेल लाइन परियोजना का उद्घाटन करेंगे। कहा कि रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि हेतु डीडीयू मंडल में सोननगर से धनबाद मंडल के पतरातू तक नवनिर्मित यह तीसरी लाइन परियोजना अति महत्वपूर्ण है। झारखंड राज्य में खनिज संपन्न क्षेत्र से गुजरने वाली यह लाइन डीडीयू मंडल में रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि में सहायक होगी। विशेषकर इस क्षेत्र से होकर पावर प्लांट तक कोयला लदी मालगाड़ियों के त्वरित आवागमन में सुविधा होने के साथ बीडी सेक्शन में रेल परिचालन तेज एवं सुगम होगा। साथ ही संरक्षा भी और सुदृढ़ होगी। साथ ही प्रधानमंत्री डीएफसीसी के कार्गो हैंडलिंग स्टेशनों न्यू सोननगर, न्यू सोननगर लिंक, न्यू चिरैला पौथु को राष्ट्र को समर्पण करेंगे। जाएगा। इसके अलावा न्यू सोननगर स्टेशन से एक मालगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर डीएफसीसी पर रवाना किया जाएगा। माल परिवहन को समर्पित डीएफसीसी के इन स्टेशनों के माध्यम से इस क्षेत्र में माल परिवहन और सुविधाजनक एवं त्वरित होगा। इसके साथ ही पीएम डीडीयू मंडल तहत बीडी सेक्शन में नबीनगर तथा कोसीआरा स्टेशनों पर नवनिर्मित गुड्स शेड को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इन गुड्स शेडों का निर्माण हो जाने से स्थानीय किसानों, व्यापारियों, उद्यमियों को पास से ही रेल से माल परिवहन की सुविधा मिल जाएगी जिससे उनको काफी लाभ होगा। वही पीएम 'एक स्टेशन, एक उत्पाद' स्टॉल योजना के तहत अनुग्रह नारायण रोड स्टेशनों पर 'एक स्टेशन, एक उत्पाद'(ओएसओपी) स्टॉल का भी उद्घाटन करेंगे। गौरतलब है कि पारंपरिक शिल्प, लघु एवं कुटीर उद्यमों के संरक्षण, प्रोत्साहन एवं अधिक से अधिक रोजगार सृजन हेतु भारतीय रेल द्वारा 'एक स्टेशन, एक उत्पाद'(ओएसओपी) योजना कार्यान्वित की जा रही है। ओएसओपी स्टाल से स्थानीय हस्तशिल्पियों, कारीगरों, काश्तकारों आदि का उत्साहवर्द्धन होगा। साथ ही उनको रेलवे के माध्यम से अपने उत्पादों के लिए एक बड़ा बाजार भी मिलेगा।

# अभिनन्दन समारोह सह अति पिछड़ा सम्मेलन संपन्न

निज संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के आरबीआर खेल मैदान मे हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (सेकुलर) के बैनर तले बिहार सरकार के सूचना प्रौवधिकी एवं अनुसूचित जाति/जन जाति कल्याण मंत्री डा संतोष कुमार मांझी का अभिनन्दन समारोह सह अति पिछड़ा सम्मेलन का आयोजन किया गया।समारोह मंच का उद्घाटन मंत्री संतोष कुमार मांझी ,प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार,सुषमा कुमारी राधे श्याम प्रसाद,गुलाम सरवर,जद यू नेता भीम विश्वकरमा,रंजय सिंह,राजेश पासवान,कौशलेंद्र कुमार सिंह,प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।आये अतिथियों को माला एवं अंग वस्त्र देकर समानित किया।अध्यक्षता संतोष कुमार शर्मा एवं संचालन विनोद कुमार ने किया।मंत्री ने सम्बोधित करते हुये कहा कि हम गरीबो की पाटी है।गरीबों की हक की लडाई के लिए हम पाटी सदैव तत्पर रहती है।सम्मेलन के माध्यम से अति पिछडा को जागरूक किया। कहा कि गरीब समाज को आगे बढाना है।जातिय में मत बंटिये, धन्यवाद ज्ञापन रंजय सिह ने किया। इस अवसर पर श्रवण भूइंया, किशोरी मिस्त्री, संतोष सागर, विजय शर्मा, जनार्दन दांगी, शशी कुमार गुप्ता, सुनयन शर्मा, सोनू, छोटू कुमार दांगी, प्रमोद सिंह, रामानंद दांगी, राहुल सिह सहित कई एडीए कार्यकर्ता शामिल थे।

# पुलिस ने बालू लदे दो ट्रैक्टरों को किया जब्त

निज संवाददाता



**गोह(औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के अल्हन परासी गांव से रविवार को अवैध रूप से बालू लोड कर जा रहे दो ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया है। दोनों ट्रैक्टर मालिकों पर अवैध बालू खनन और कारोबार करने को लेकर मामला दर्ज की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार बालू लेकर दो ट्रैक्टर अलहन परासी की ओर जा रही थी। उसी समय गोह पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अल्लहन परासी पहुंची तो देखा कि अवैध रूप से बालू लोड कर दो ट्रैक्टर जा रही है। पुलिस द्वारा दोनों ट्रैक्टर को रोका गया। गाड़ी रुकते ही दोनों ट्रैक्टर का चालक भागने लगा। महेंद्रा ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार चालक पौथु थाना क्षेत्र के ईगुनाही गांव का रहने वाला है।वही पावर ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहा।थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि दोनो ट्रैक्टर पर अवैध रूप से बालू लोड कर जा रहा था।गाड़ी मालिकों को पता लगाया जा रहा है। दोनो को खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला घायल, सदर अस्पताल में भर्ती



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चतरा मोड़ के समीप एनएच 139 पर रविवार के अपराह्न अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार महिला घायल हो गई।

जिसका स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल में इलाज कराया गया और इस हादसे की जानकारी साथ रहे संबंधी के माध्यम से परिजनों को दी गई। घायल महिला की पहचान हजारीबाग निवासी राम अशीष की पत्नी पुष्पा देवी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि पुष्पा झारखंड के हरिहरगंज आई थी और वापसी के दौरान चतरा मोड़ के समीप हादसे का शिकार हो गई।

